अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 271 लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## सदियों के आक्रमणों के बावजूद आज भी अडिग है सनातन आस्था : योगी

● लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' का आगाज़, सीएम योगी ने किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत रविवार को राजधानी लखनऊ में 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज़ाद भारत में जिस कार्य को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने आगे बढ़ाया था, उसी परंपरा को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश की सनातन आस्था और सांस्कृतिक गौरव को पुनर्स्थापित करने का युग है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि 11 वर्ष पहले तक इसकी कल्पना करना भी कठिन था, लेकिन आज यह सपना साकार हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के हर कोने में 'जय श्री राम' की गूंज सुनाई देती है, जो देश की आस्था और एकता का प्रतीक बन चुकी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपनी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक विरासत के कारण वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी उत्तर प्रदेश के लोग जाते हैं, वहां उनकी पहचान 'जय श्री राम' के उद्घोष से होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संत, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे। 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक गौरव को जन-जन तक पहुंचाना है। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे लोगों में अपनी परंपराओं और इतिहास के प्रति गर्व की भावना को और मजबूत किया जा सके।

## संक्षिप्त

### पाकिस्तान में होगा यूएस-ईरान वार्ता का दूसरा दौर ट्रम्प ने दी सख्त चेतावनी

वॉशिंगटन/इस्लामाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुष्टि की है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का दूसरा दौर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए कल शाम तक वहां पहुंच जाएगा। हालांकि, इस कूटनीतिक पहल के साथ ही ट्रंप ने ईरान को लेकर कड़ा रुख भी अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका एक ह्लउचित और संतुलित समझौताङ्क पेश कर रहा है और उम्मीद है कि ईरान इसे स्वीकार करेगा। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अमेरिका कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ईरान समझौते को ठुकराता है, तो अमेरिका उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना सकता है।

### चारधाम यात्रा : अब तक 19.52 लाख से अधिक पंजीकरण

देहरादून। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह व आस्था देखी जा रही है। इस साल चारधाम के लिए अब तक कुल 19.52 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने विभिन्न धामों के लिए पंजीकरण कराया हैं। रविवार शाम पर्यटन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 6.80 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है,जबकि बद्रीनाथ के लिए 5.75 लाख, गंगोत्री के लिए 3.43 लाख, यमुनोत्री के लिए 3.33 लाख और हेमकुंड साहिब के लिए करीब 19 हजार पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। रविवार से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है।

### संसद में हार का मतलब भाजपा सरकार जनता की इच्छा का नहीं कर रही प्रतिनिधित्व : अखिलेश

लखनऊ। सरकार की बदनीयत की हार हुई है, परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया है। संसद में हार का सीधा मतलब होता है कि सरकार जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास न होने को लेकर कही। अखिलेश यादव ने रविवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपाई का सीएमएफ फॉर्मूला (क्रिएट मिस्ट्रेस ऑफ फियर) अब पिट चुका है।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री के खिलाफ चुनाव आयोग सख्त, कार्रवाई के निर्देश

एजेंसी




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और 8 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, आईटी नियम, 2021 तथा आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के तहत सभी संबंधित पक्षों को डिजिटल मंचों का जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करना होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, किसी भी भ्रामक या कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा तैयार अथवा छेड़छाड़ की गई सामग्री पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी।

साथ ही, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार से जुड़े प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कृत्रिम रूप से तैयार या परिवर्तित सामग्री को स्पष्ट रूप से 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता जनित' या 'डिजिटल रूप से परिवर्तित' के रूप में चिह्नित किया जाए और उसके स्रोत की जानकारी भी दी जाए।

आयोग ने बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनावों के दौरान सोशल मीडिया सामग्री की निगरानी की जा रही है।

ाचार संहिता का उल्लंघन करने वाली, कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली या मतदान प्रक्रिया को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने वाली सामग्री पर संबंधित प्राधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। चुनाव आयोग की तरफ से बताया गया है कि 15 मार्च को चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक 11 हजार से अधिक आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट और यूआरएल की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## महिला आरक्षण मुद्दे पर घमासान: भाजपा ने विपक्ष पर साधा निशाना




विकास टम्टा

लखनऊ। महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। अन्नपूर्णा देवी और योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि INDI गठबंधन ने केवल एक विधेयक का विरोध नहीं किया, बल्कि देश की आधी आबादी की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल करते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने ग्उए से जुड़ी रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्उए आयोग को संवैधानिक दर्ज़ा देकर पिछड़े वर्गों को मजबूती दी। प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के आचरण की तुलना महाभारत की घटना से करते हुए इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की बात संविधान के खिलाफ है और विपक्ष महिला सशक्तिकरण में बाधा बन रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को 33 से 50 प्रतिशत तक प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद और डीएमके जैसे दल इसमें अड़चन पैदा कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि गक्ध आधी आबादी के अधिकारों के साथ खड़ा है और विपक्ष को अपने रुख के लिए देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

## जहां डर हो, वहां निवेश नहीं आ सकता : मोदी

● पुरुलिया रैली में मोदी ने 'तुष्टीकरण, भय और सिंडिकेट राज' को लेकर तृणमूल पर निशाना साधा

एजेंसी



पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)। आदिवासी बहुल पुरुलिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि इस दृष्टिकोण के कारण आदिवासी क्षेत्रों की उपेक्षा हुई है और शासन में असंतुलन पैदा हुआ है।

श्री मोदी ने कहा, ''कई स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं। संताली भाषा का अपमान किया जा रहा है, जबकि मदरसों के लिए भारी आवंटन किया जा रहा है। यह पूरी तरह से तुष्टीकरण है और भाजपा इसे जारी रखने की अनुमति नहीं देगी।''

प्रधानमंत्री ने आगे तृणमूल सरकार पर डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया जो निवेश और विकास के लिए हानिकारक है। उन्होंने जोर देकर कहा, ''कारखाने डर के माहौल में नहीं आते, वे भरोसे पर आते हैं। जहां डर हो, वहां निवेश नहीं आ सकता। यह विश्वास के वातावरण में आता है। इसलिए, अब 'कट मनी' का खेल नहीं चलेगा।'' उन्होंने आगे कहा कि भ्रष्टाचार और डराने-धमकाने के कारण उद्योगों ने राज्य से किनारा कर लिया है। डर की राजनीति' को लक्षित कर श्री मोदी ने कहा, ''यहां बिना कट मनी दिए कोई काम नहीं होता। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो उद्योग कैसे आयेंगे? इस संस्कृति का अंत होना चाहिए।''

इससे पहले, बिष्णुपुर में एक हाई-वोल्टेज रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कथित सिंडिकेट संचालन और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा, ''29 अप्रैल से पहले मैं सभी सिंडिकेट और गुंडों को अंतिम चेतावनी दे रहा हूं कि उनके लिए बेहतर होगा कि वे 23 तारीख तक अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण कर दें। चार मई को चुनाव परिणाम आने के बाद किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।''

आदिवासी समुदायों तक भाजपा की पहुंच पर श्री मोदी ने कहा कि केंद्र ने जनजातीय मामलों के लिए अलग मंत्रालय बनाया है और आवंटन में तीन गुना वृद्धि की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सरकार ने बिरसा मुंडा की जयंती को मान्यता दी और एक आदिवासी राष्ट्रपति के चयन सहित आदिवासी नेताओं के लिए अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया।

राज्य सरकार की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने आरोप लगाया, ''15 साल के भ्रष्टाचार ने पश्चिम बंगाल के हर परिवार को परेशान किया है। तृणमूल के जंगलराज में आदिवासी जिले पिछड़ रहे हैं। सड़क, पानी, स्कूल–सब कुछ खस्ताहाल है।

## तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश के ऊर्ज़ा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। ऊर्ज़ा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। मंत्री शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि तथा उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 03 दिन या 200 तक रुपये (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा तथा डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने सभी डिस्कॉम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने में किसी प्रकार की देरी न हो तथा ढीले तारों और स्पार्किंग की समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए। इसके साथ ही मंत्री ने निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिस्कनेक्ट हुए हैं, उनसे फोन कॉलिंग के माध्यम से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।


## विरुधुनगर के पास पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट, 18 लोगों की मौत

एजेंसी

विरुधुनगर। तमिलनाडु के जिला विरुधुनगर के कट्टुनारपट्टी में रविवार दोपहर को एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से 18 मजदूरों की मौत होने की खबर है, लेकिन प्रशासन ने मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। इस हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने घटना में कई लोगों की मौत पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार कट्टुनारपट्टी में दोपहर में मजदूरों के काम करने के दौरान एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व दमकलकर्मियों का दल मौके पर पहुंचा और बचाव व राहत कार्य शुरू किया। इस हादसे में वहां काम कर रहे 18 मजदूरों की मौत होने की खबर है। इसके अलावा छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटाखों के विस्फोट इतना भीषण था कि फैक्टरी के 4 कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## पश्चिम एशिया हालात के बीच ईंधन आपूर्ति सामान्य, जहाजों पर गोलीबारी को लेकर ईरान से जताई चिंता : केंद्र

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है तथा नागरिकों को किसी प्रकार की घबराहट में खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, दो भारतीय जहाजों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब कर गहरी चिंता व्यक्त की है। सरकार ने बताया कि ऊर्ज़ा आपूर्ति, समुद्री संचालन और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंधन किया गया है। मंत्रालय ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें, अफवाहों से बचें और एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें।

## इस बार तो फंस ही गये राहुल गांधी

अभयानंद शुक्ल

● गृह मंत्रालय की गोपनीय रिपोर्ट ने कर दिया हाई कोर्ट का काम आसान

● दोहरी नागरिकता के मामले में अब केंद्रीय एजेंसी से कराई जाएगी जांच



लखनऊ। अपनी दोहरी नागरिकता के मामले में अब तक जुडिशियरी से लुका-छुपी का खेल खेल रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार फंस ही गये। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक गोपनीय रिपोर्ट ने उनके खिलाफ कार्रवाई का रास्ता साफ कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की किसी केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने का आदेश दे दिया है। इस प्रकार रायबरेली से सांसदी का चुनाव जीतने के बाद से ही लटक रही कार्रवाई की तलवार से कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी बच नहीं पाए। हालांकि उनके पास इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का भी ऑप्शन है, लेकिन हाई कोर्ट का आदेश जिन साक्ष्यों पर हुआ है, उन्हें सुप्रीम कोर्ट शायद इग्नोर नहीं कर सकता। भारत का नागरिकता कानून सीधे-सीधे ये कहता है कि यदि किसी ने किसी दूसरे देश की नागरिकता ले ली है तो उसकी भारतीय नागरिकता अपने आप समाप्त हो जाती है। और अगर ये साबित हो जाता है कि राहुल गांधी यूके यानी यूनाइटेड किंगडम के भी नागरिक हैं, तो उनकी भारत के नागरिकता खत्म हो जाएगी। फिर वे सांसद भी नहीं रह पाएंगे, और कार्रवाई होगी सो अलग।

दोहरी नागरिकता मामले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज करने और केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने का आदेश हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ये आदेश कर्नाटक के एक सोशल वर्कर एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया है। उस याचिका में रायबरेली की एमपी-एमएलए कोर्ट से राहुल की रायबरेली से संसद सदस्यता रद्द करने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग थी। लोअर कोर्ट ने मांग खारिज कर दी तो हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में उस आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। आरोप है कि राहुल यूनाइटेड किंगडम यानी यूके के भी नागरिक हैं, इस कारण राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता अपने आप ही समाप्त हो जाती है। ऐसे में वे भारत में सांसद नही हो सकते हैं, और उनकी रायबरेली से सांसदी अवैध है। ऐसे में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और इस मामले की जांच कराई जाए। हाईकोर्ट ने यह आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर दिया है। ऐसे में राहुल गांधी पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। यह आदेश शुक्रवार को हुआ। हाईकोर्ट की बेंच ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को पलटते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की फॉरेनर्स डिवीजन को मामले से जुड़े सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा था।

कई रिमाइंडर मिलने के बाद मंत्रालय ने कोर्ट में संबंधित फाइलें पेश कीं, जिनमें कुछ गोपनीय दस्तावेज भी शामिल बताए गए हैं।

याचिकाकर्ता विग्नेश शिशिर की ओर से कोर्ट में दावा किया गया है कि उनके पास ऐसे साक्ष्य हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता के रूप में पंजीकृत रहे हैं। याचिका बीते 28 जनवरी 2026 को दाखिल की गई थी। निचली अदालत ने रायबरेली के कोतवाली थाने को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था। इस याचिका में भारतीय न्याय संहिता 2023, आफिसियल सीक्रेट एक्ट 1923, पासपोर्ट एक्ट 1967 और फारेनर्स एक्ट 1946 के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकता से जुड़ा है। इस आदेश के बाद अब जांच के जरिए मामले की सच्चाई सामने आएगी। ये केस आने वाले समय में राजनीतिक और कानूनी दोनों ही स्तर पर अहम हो सकता है।

# संसद में महिला आरक्षण संबंधी बिल गिराकर सपा, कांग्रेस व टीएमसी ने आधी आबादी का दिल तोड़ा: अन्नपूर्णा देवी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी, कंाग्रेस और टीएमसी जैसे दलों ने संसद में नारी हित के प्रस्ताव को गिराकर आधी आबादी के दिल को तोड़ा है। सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित न होने पर सपा समेत विपक्षी पार्टियों के सदस्य खुशी से तालियां बजा रही थी। नारी विरोधी इस आचरण का खामियाजा सपा व कंाग्रेस को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रविवार को यहां भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। पत्रकार वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय निषाद उपस्थित रहे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक व सामाजिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने का काम किया। अब राजनैतिक रूप से सशक्त करने की बारी आयी और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के लिए बिल लाया गया तो इंडी गठबंधन के दलों ने इसके विरोध में वोटिंग की। इंडी गठबंधन की महिला विरोधी मानसिकता उनकी आदत में शुमार है। इसके लिए आधी आबादी उन्हें माफ नहीं करेगी। नारी शक्ति अब जाग चुकी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश में 50 वर्षों से ज्यादा समय कंाग्रेस की सरकार रही उस समय ओबीसी को अधिकार देने से किसने रोका था। कंाग्रेस आज ओबीसी के आरक्षण की बात करती है, जबकि मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षो तक इन्हीं लोगों ने दबाकर रखा था। जबकि ओबीसी को संवैधानिक दर्ज़ा देने का काम मोदी सरकार ने किया। सपा को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करती है। हम बाबा साहब के संविधान को मानने वाले लोग हैं। बाबा साहब ने धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था।

# चेन्नई में युवक की मौत पर राजधानी में प्रदर्शन करीब 200 लोगों ने चौराहा जाम किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** राजधानी के लखनऊ युवक की चेन्नई में मौत होने पर परिजनों ने आक्रोशित होकर महिंगवां थाना क्षेत्र का कुम्हारावां चौराहा जाम कर दिया। रविवार दोपहर करीब 200 लोग नारेबाजी करते हुए चौराहे पर इकट्ठा हो गए। उनका कहना था कि युवक की मौत सामान्य तरीके से नहीं हुई, बल्कि उसकी हत्या की गई है। मामला रमपुरवा गांव का है। यहां के शिवकुमार के बेटे सौरभ (22) की 10 अप्रैल को केरल जाते समय चेन्नई में मौत हो गई थी। सौरभ को जो लोग यहां से नौकरी दिलाने ले गए थे, वे मौत के बाद से परिजनों से बात भी नहीं कर रहे थे। करीब 10 तारीख से सौरभ का भी फोन बंद हो गया, तब से बात नहीं हुई थी। मृतकों के परिजनों के मुताबिक, मृतक सौरभ 10 अप्रैल को बाराबंकी के कुर्सी थाना क्षेत्र के पेलहटी गांव निवासी अखिलेश और उसके एक साथी के साथ काम दिलाने के बहाने केरल जाने के लिए घर से निकला था। कुछ समय तक घरवालों से बात हुई, उसके बाद युवक का फोन स्विच ऑफ हो गया। परिजनों द्वारा लगातार पूछताछ करने पर भी उसके साथियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। चार दिन तक कोई जानकारी न मिलने पर परिवार ने महिंगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों अखिलेश और कमलेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। बीकेटी एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि केरल जाते समय चेन्नई के पास सौरभ ट्रेन से गिर गया था। उसके कुछ दिन बाद शव पुलिस को मिला। उसके कूदने के डर से हम लोग उसके घरवालों से बात नहीं कर रहे थे। इस पर पुलिस ने पूछा कि ट्रेन जब अगले स्टेशन पर रुकी होगी तब तो आप लोगों को उतरकर सूचित करना था। वहां क्यों नहीं बताया? इस सवाल पर आरोपी चुप रहे। परिजनों की शिकायत के आधार पर जांच और पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सच्चाई का पता लगाने और शव लेने के लिए एक टीम चेन्नई रवाना कर दी गई है। परिजनों ने महिंगवां पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटना में शामिल एक महिला को भी गिरफ्तार करने की मांग की है। सौरभ के पिता शिवकुमार ने कहा- बेटे को बाराबंकी के कमलेश और अखिलेश, केरल कमाने के लिए बुला ले गए थे। हमारे बेटे का फोन स्विच ऑफ हुआ तो हमने कमलेश के पास फोन लगाया। वह फोन नहीं उठा रहा था। कई बार कॉल करने के बाद उसके भाई ने फोन उठाया। जब हमने कहा कि कमलेश से बात कराओ तो वह बोला कि कमलेश पागल हो गया है। वह किसी से बात नहीं कर रहा है।

# भाजपा महिलाओं की आड़ में अपनी ओझिल राजनीति को आगे बढ़ा रही : सुनील सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने रविवार को अपना एक बयान जारी करते कहा कि चुनाव के समय महिलाओं के नाम पर राजनीति करना और बाद में उन्हें वास्तविक अधिकारों से वंचित रखना, यह दोहरी नीति अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि (भाजपा) महिलाओं की आड़ में अपनी ओझिल राजनीति को आगे बढ़ा रही है, लेकिन देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और समय आने पर ऐसी राजनीति को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी। सुनील सिंह ने स्पष्ट कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण पर्याप्त नहीं है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। केवल कानून बनाकर राजनीतिक लाभ लेना, लेकिन जमीनी स्तर पर महिलाओं को अवसर न देना, यह महिलाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुरुष नेताओं की मानसिकता आज भी नहीं बदली है और वे अपनी सीटें छोड़ना नहीं चाहते। यही कारण है कि महिला आरक्षण का मुद्दा वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि वास्तविक नारी सम्मान तभी संभव है, जब महिलाओं को राजनीति, प्रशासन और निर्णय लेने वाली सभी संस्थाओं में समान भागीदारी मिले। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस दिखावटी राजनीति को पहचानें और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं।

## जैन मंदिर में अक्षय तृतीया पर्व मनाया, भगवान ऋषभदेव का अभिषेक, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमती नगर स्थित जैन मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान ऋषभदेव का अभिषेक और पूजन किया गया, जिसके साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य शांति धारा पीसी जैन मंडी और डॉ. सारांश जैन परिवार द्वारा की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान ऋषभदेव ने 13 महीने की कठोर तपस्या के उपरांत मुनि अवस्था में हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश से गन्ने के रस के रूप में अपना प्रथम आहार ग्रहण किया था। इसी घटना को इस युग में दान की परंपरा की शुरुआत माना जाता है। अभिषेक जैन ने बताया कि जैन धर्म में दान को विशेष महत्व है, जिसे चार भागों में वर्गीकृत किया गया है।

# संसद में हार का मतलब भाजपा सरकार जनता की इच्छा का नहीं कर रही प्रतिनिधित्व : अखिलेश यादव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



**लखनऊ।** सरकार की बदनीयत की हार हुई है, परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया है। संसद में हार का सीधा मतलब होता है कि सरकार जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास न होने को लेकर कही। अखिलेश यादव ने रविवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपाई का सीएमएफ फॉर्मूला (क्रिएट मिस्ट्रेस ऑफ फियर) अब पिट चुका है। भाजपाइयों का सामाज के बीच भय और अविश्वास पैदा करने का सामाजिक षडयंत्र अब और नहीं चलेगा। भाजपाई सोचते हैं कि समाज में जो महिलाएं पुरानी सोच की हैं उन्हें कम से कम अपने तरफ कर लें, क्योंकि जागरूक सोच वाली कोई नारी भाजपा को वोट देने वाली नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी। भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन विपक्ष ने उनके इस मंसूबे को धूल चटा दी। हम महिला बिल के विरोध में नहीं थे, बस भाजपा के शोषणकारी तरीके के खिलाफ थे, जिसकी मंशा ख़राब थी। उन्होंने कहा कि जब गिनती (जनगणना) ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा? उन्होंने कहा कि जब भाजपा जनगणना नहीं करा सकती, तो महिलाओं को आरक्षण कैसे देंगे? अखिलेश ने कहा कि जब स्टूडेंड यूनियन तक के चुनाव नहीं होंगे तो राजनीत की नर्सरी ही खत्म हो जाएगी। हमारे पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को राजनीत में आने से रोकने के लिए तरह-तरह के षडयंत्र किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए पुख्ता तैयारी हो, सरकार से हमारा यही कहना था कि जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण नहीं। इस मौके पर उन्होंने फतेहपुर में चाय पिलाने वाले लड़के को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय बुलाकार उससे पूरी बात जानी। अखिलेश को आर्यन ने बताया कि किस तरह से उसे फूड विभाग ने कार्रवाई का भय दिखाया। वहीं अन्य लोगों के द्वारा उसके और परिवारजनों को परेशान किया जा रहा है, जिससे वह गांव छोड़ने को विवश है।

## सपा और कांग्रेस ने मुसलमानों को बेवकूफ बनाया: वसीम राईन

**लखनऊ।** लखनऊ प्रेस क्लब में पसमांदा मुस्लिम महज ने बैठक की। इस बैठक में प्रदेश भर से संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने प्रेसवार्ता की। इसमें संगठन के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, उपाध्यक्ष वसीम राईन मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में पसमांदा मुसलमानों के अधिकारों को लेकर लंबी चर्चा हुई। वसीम राईन ने कहा कि जो भी पसमांदा समाज को हिस्सेदारी देगा उसे समर्थन किया जाएगा। उपाध्यक्ष वसीम ने कहा कि हम लगातार लोकसभा विधानसभा में हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं। पूरे भारत में पसमांदा मुस्लिम की बड़ी आबादी है। फिर भी हमारे लोगों को आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। समाज की स्थिति बेहद दयनीय है। विकास से कोसों दूर है, आर्थिक रूप से और शिक्षा के मैदान में हर तरीके से पसमांदा है। योजनाबद्ध तरीके से समाज को शिक्षा और विकास से दूर रखा गया। बहुत सारे लोगों ने जानबूझकर पसमांदा समाज को राजनीति से और विकास से दूर रखा। वसीम बोले चुनाव के समय वोट मांगने सब आते हैं।

# राजधानी में तेज धूप ने किया परेशान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू और गर्म रात की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के मुताबिक 25 अप्रैल तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 19 से 23 अप्रैल के बीच दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में दिन के समय कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर गर्म रात की स्थिति भी रह सकती है। 24 और 25 अप्रैल को किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। प्रदेश में शनिवार को तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। बांदा 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज में 43.2 डिग्री, झांसी में 43.1 डिग्री, वाराणसी में 43.0 डिग्री, सुल्तानपुर में 42.8 डिग्री, लखनऊ में 41.0 डिग्री और गोरखपुर में 40.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शुष्क हवाएं, तेज धूप और नमी में कमी के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

# डाक्टरों ने कन्या विवाह के लिए वस्तुएं की दान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**खालाबाजार में रस्तोगी स्वास्थ्य केन्द्र में संकल्प कराने के साथ परिजनों को दिया उपहार'**

लखनऊ। अक्षय तृतीया के अवसर पर रविवार को खालाबाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टरों ने एक निर्धन कन्या विवाह के लिए गृहस्थी की वस्तुएं दान कीं। खास बात यह है कि रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र पर एलोपैथिक, होम्योपैथी और आयुर्वेद पद्दित पर उपचार की व्यवस्था मौजूद है। सोमवार को कन्या का विवाह खालाबाजार स्थित स्व. श्री बेनी राम बाबू राम स्मृति भवन में सम्पन्न होना है। जलालपुर कुटी में अपनी बुआ गुड़िया के साथ रहने वाली दीपाली वर्मा का विवाह मोहिनपुरवा निवासी साहिल राजपूत के साथ परिणय सूत्र बंधन में बंधेंगी। रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र समिति के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि कन्या दीपाली के जन्म के कुछ साल बाद ही माता और पिता का साया छूट गया। वह अपनी बुआ जो कि परचून की गुमटी दुकान चलाकर अपनी एक और दीपाली का पालन पोषण किया। दूसरी तरफ वरपक्ष में साहिल राजपूत जब दो वर्ष का था, तो उसके सिर से पिता का साया छूट गया। मां ने भी उसका पालन पोषण किया। साहिल ने पढ़ाई के साथ ही होजरी के कारखाने में काम के अलावा पार्ट टाइम कैटरिंग में भी काम करता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण हरिश्चन्द्र वंशीय समाज की महिला समिति सुहासिनी, केन्द्र के चिकित्सकों, स्टाफ आदि सभी ने मिलकर कन्या विवाह के लिए ज्यादातर गृहस्थी का सामान देने का संकल्प लिया। आज परिजनों को संकल्प रूप से वस्तुएं दी गयीं हैं। इसके साथ ही विवाह स्थल और खानपान के व्यवस्था की जिम्मेदारी ली गयी है। उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से लखनऊ हरिश्चन्द्र वंशीय समाज की ओर से शिक्षा, चिकित्सा सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य किये जा रहे हैं। सोमवार को विवाह कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी एवं समाजसेवी भी भाग लेंगे। विवाह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होंगे और शाम को कन्या की विदाई होनी है।

## अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रविवार को अक्षय तृतीया का पर्व धूम-धाम से मनाया गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। हालांकि, मथुरा समेत कई प्रमुख स्थानों पर सोमवार को भी यह पर्व मनाया जाएगा। उप्र के मुख्यमंत्री योगी ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, समृद्धि, सौभाग्य और पुण्य प्राप्ति के प्रतीक पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि यह पावन दिन सभी के जीवन में सुख, समृद्धि लाने के साथ मंगलमयता का संचार करे तथा हर घर को आनंद और उन्नति प्रदान करे।

# लखनऊ में अज्ञात रिक्शा चालक का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नाका कैसरबाग थाना क्षेत्र में रविवार को अज्ञात रिक्शा चालक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मृतक की पहचान शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार सुबह 10:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि चालक अपनी रिक्शा पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति रिक्शा पर ही मृत अवस्था में पाया गया। मौके पर उपस्थित आसपास के लोगों एवं अन्य रिक्शा चालकों से पूछताछ की गई, किंतु मृतक की पहचान के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम भेजकर मृतक की पहचान की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पर ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके। प्रारंभिक दृष्टि में कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, तथापि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, सर्वांगीण विकास और एआई पर फोकस: रवि भूषण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- **विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में अब पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ निम्नलिखित पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है**

लखनऊ। जैन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि रवि भूषण ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली और भविष्य की चुनौतियों को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान दौर में शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है और अब केवल पुस्तकीय ज्ञान छात्रों की सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है। सर्वांगीण विकास है प्राथमिकता रवि भूषण ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में अब पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ निम्नलिखित पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियाँरू छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा व्यक्तित्व विकास छात्रों के आत्मविश्वास और सॉफ्ट स्किल्स को बेहतर बनाना।व्यावहारिक ज्ञानरू किताबी सिद्धांतों को वास्तविक जीवन और कार्यक्षेत्र में लागू करने का प्रशिक्षण एआई और आधुनिक तकनीक का समावेश बदलते वैश्विक परिदृश्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज का समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का है। तकनीक में हो रहे तीव्र बदलावों को देखते हुए कॉलेजों में एआइ और अन्य आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। उनका मानना है कि छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नई तकनीकों से अवगत कराना अनिवार्य है।गुणवत्ता में सुधार की प्रतिबद्धता रवि भूषण ने पारदर्शिता बरतते हुए यह स्वीकार किया कि कुछ कॉलेजों में अभी भी शिक्षा का स्तर अपेक्षित मानकों तक नहीं पहुँच पाया है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्थान इन कमियों को दूर करने और समय के साथ खुद को ढालने के लिए निरंतर सुधार की दिशा में कार्य कर रहे हैं। लक्ष्यरू बेहतर कॉरपोरेट संस्कृति का निर्माण जैन यूनिवर्सिटी के विजन को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री बांटना नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो न केवल पेशेवर रूप से कुशल हों, बल्कि भविष्य में एक बेहतर कॉरपोरेट संस्कृति का निर्माण भी कर सकें।ष्इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं जहाँ छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्य और नेतृत्व क्षमता की शिक्षा भी मिल सके।

# परशुराम जयंती पर सनातन के ध्वजवाहकों का सम्मान

- **संस्कृति संरक्षण में ब्राह्मण समाज का योगदान अहम : डा. नीरज बोरा**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर भगवत चर्चा को जन-जन तक पहुँचाने वाले सनातन धर्म के ध्वजवाहकों का पूजन एवं सम्मान किया गया। रविवार को विधायक डॉ. नीरज बोरा एवं वत्सल बोरा ने पुरनिया स्थित कार्यालय में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन-अर्चन कर ब्राह्मण समाज के आचार्यों एवं विद्वानों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. नीरज बोरा ने उपस्थित विप्र बंधुओं को संबोधित करते हुए भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके धर्म-संरक्षण के संकल्प का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने में आचार्यों, संतों और विद्वानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर पर अनेक आक्रमण हुए जिनका उद्देश्य केवल संपदा लूटना ही नहीं अपितु हमारी आस्था और परंपराओं को भी आघात पहुँचाना था, किन्तु आप सबके प्रयासों से धर्म आज भी सशक्त और जीवंत बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा द्वारका से डिब्रूगढ़ तक धर्म के पुनर्जागरण का एक सशक्त कालखंड चल रहा है। देश का युवा वर्ग भी अब धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक होकर तीर्थस्थलों की ओर आकर्षित हो रहा है। यह परिवर्तन भारत की आध्यात्मिक चेतना के पुनर्स्थापन का प्रतीक है। कार्यक्रम में सीतावल्लभ कुंज अयोध्या धाम स्थित बड़े हनुमान मंदिर के स्वामी ब्रम्हेश जी महाराज, विंध्याचल मंदिर के आचार्य सूर्य कुमार तिवारी, नागेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी, रामनारायण मिश्र, सतीश मिश्र, कृपाशंकर मिश्र, शैलेन्द्र शर्मा 'अटल', प्रदीप मिश्र, लवकुश त्रिवेदी, अनुज द्विवेदी, दयाशंकर पाण्डेय, कलम के पुजारी पं. नवल किशोर त्रिपाठी सहित विप्रगण, विभिन्न मंदिरों के पुजारी एवं संतजन उपस्थित रहे। संयोजन व संचालन कृपाशंकर मिश्र ने किया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा





राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा हरदोई के जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी के नेतृत्व मे श्रीशचंद्र बारात घर मे विधि विधान से पूजन करके मनाया गया व इस अवसर पर हरदोई नगर मे भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जोकि श्रीशचंद्र बारात घर से शुरू होकर नगर के नुमाइश चौराहा से बड़ा चौराहा से सिनेमा चौराहा से लखनऊ चुंगी से रेलवे गंज से जिन्दपीर चौराहा होते हुये जेल रोड से वापस आकर बारात घर पर सम्पन्न हुई बारात घर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा मधुर, सपा कोषाध्यक्ष अवनीकांत बाजपेई, संघटन पदाधिकारी शिवम तिवारी, रंजीत शुक्ला, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी, ऋषिकांत मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका उमेश अग्रवाल, पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका पारुल दीक्षित, भाजपा उपाध्यक्ष प्रितेश दीक्षित, अलका गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख खुशी बाजपेई, नगर अध्यक्ष भाजपा मुदित बाजपेई, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जे पी त्रिवेदी, पारिषा तिवारी, कमलेश अवस्थी, आदर्श दीपक मिश्रा, मुनि मिश्रा, हनी मिश्रा, अम्बुज शुक्ला, अनुराधा मिश्रा, रीना शुक्ला, अंजना त्रिपाठी, अविनाश मिश्रा, सतेंद्र मिश्रा, उत्तम मिश्रा, पुनीत मिश्रा, हंन्नू दीक्षित, मनोज शुक्ला, गौरव शुक्ला, अवधेश मिश्रा, शैलेश अवस्थी, रवी दीक्षित, अमित मिश्रा, अमित त्रिवेदी रानू, अंकित अवस्थी, अभिषेक तिवारी, विकास मिश्रा, मृदुलकांत पाण्डेय, कुलदीप मिश्रा, आशीष पाण्डेय, रजत अवस्थी, रामलखन अवस्थी, सतेंद्र तिवारी, अथर्व अवस्थी, शिवम दीक्षित, अंकुर अवस्थी, अनमोल मिश्रा, राजन मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी, लवकुश त्रिपाठी, राहुल शुक्ला, धनंजय मिश्रा, उत्कर्ष दीक्षित, उत्कर्ष पाठक, शिवम दीक्षित, प्रभात अग्निहोत्री, अंशुल मिश्रा, अशोक अग्निहोत्री, आनंद पाण्डेय, वंदना पाण्डेय, रामकिशोर शुक्ला, प्रशांत मिश्रा पुतानी, उमेश मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी, दीपक शुक्ला, शशांक मिश्रा शुशांत तिवारी, रजनीश प्रजापति, राहुल अवस्थी, आशुतोष अवस्थी, पंकज शुक्ला, अनूप द्विवेदी, नीरज तिवारी, नीरज मिश्रा सहित हजारों लोग सम्मिलित रहे इस अवसर पर शोभा यात्रा मे नगर मे विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा व जलपान वितरित किया गया महात्मा गाँधी मार्ग पर पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका पारुल दीक्षितए सिनेमा रोड पर सभासद अभिषेक मिश्रा हनी सरकुलर रोड पर नीरज मिश्राए रेलवे गंज मे जिला पंचायत सदस्य सचिन मिश्रा, पुनीत मिश्रा द्वारा स्वागत व प्रसाद वितरण किया गया।

**इसी क्रम में** श्रीहरि विष्णु के छठे अवतार शक्तिए तप और धर्म के प्रतीक



भगवान परशुराम के शुभ जन्मोत्सव पर्व पर अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा हरदोई के संयोजन मे आयोजित जन्मोत्सव समारोह मे पूजन अर्चन उपरांत भव्य शोभा यात्रा मे सम्मिलित होकर, भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनायें प्रदान कीं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** भाजपा जिला कार्यालय भगवान परशुराम जी की जयंती बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति के साथ बनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के अद्वितीय संगम हैं। वह न केवल एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के रक्षक हैं। हमें उनके जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए! इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह गौरएजिला मंत्री सत्यम शुक्लाए जिला सह कोषाध्यक्ष गंगेश पाठक, जिला सह जिला सह मीडिया प्रभारी आयुष कुमार सिंह, सोशल मीडिया संयोजक अनुराग श्रीवास्तव, सोशल मीडिया सह संयोजक ऋतुराज त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई, नगर महामंत्री अंकित पाण्डेय, नीरज अवस्थी, रंजीत शुक्ला, अभय दीक्षित, हर्षित मिश्रा, आदर्श मिश्रा, ऋषभ त्रिपाठी,शिवम तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

**हरपालपुर प्रतिनिधि के अनुसार:-**ग्राम चौंसार में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री रामजानकी मंदिर से विधि-विधान पूर्वक पूजन के बाद शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में युवा उमड़े। बैंड-बाजे की मधुर धुनों और स्फूर्ति यात्रा के दौरान जय परशुराम, जय परशुराम और भगवान परशुराम की जयघ् के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। फूलों से सजे रथ पर सवार भगवान परशुराम की मनमोहक प्रतिमा और सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड.बाजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालु और हाथों में ध्वज लिए युवाओं ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। यह यात्रा चौंसार से शुरू होकर नंदना, मंगरौरा, सिया, निबियाखेड़ा और श्रीमऊ होते हुए पुनः श्री रामजानकी मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह.जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। आयोजकों ने यात्रा के दौरान शांति और अनुशासन की अपील कीए जिसका श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा से पालन किया। मुख्य आयोजक सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अमरेश दीक्षित, गोविंद तिवारी, रजनीकांत त्रिवेदी, गोपाल तिवारी, अनुराग तिवारी, चमन मिश्रा, नितिन अग्निहोत्री, हरीलखन मिश्र, रचित तिवारी, शुभम शुक्ला, अजयरमन,अंकित तिवारी संजय पाठक, पंकज पाठक, उपदेश मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, इंद्रेश द्विवेदी, मृदुल तिवारी और अंबुज तिवारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 17वां नि:शुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार परशुराम जयंती पर भव्य आयोजन

**सण्डीला ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के ग्राम तेरियां स्थित मां राजेश्वरी शांति प्रसाद अचल शिक्षण संस्थान में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर 17वें निरूशुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में 41बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार विधि.विधान से संपन्न कराया गयाए साथ ही भगवान परशुराम की जयंती भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी द्वारा किया गयाए विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अशोक बाजपेई भी विशेष रूप से उपस्थित रहें। आयोजक अचल कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के समस्त ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा इस अवसर पर वंदना तिवारी विष्णु दयाल शुक्ला गिरिजेश तिवारी श्रवण कुमार द्विवेदी वरूण पाण्डेय वेदव्रत बाजपेई नरेन्द्र बाजपेई डॉ० वेद मिश्रा विवेक द्विवेदी अधिवक्ता सुखदेव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रूपापुर से सवायजपुर तक धूमधाम से निकली भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा

**सवायजपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** रविवार 19 अप्रैल को रूपापुर के गंगा एक्सप्रेस.वे कट से सवायजपुर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सनातन प्रेमियों ने भाग लेकर पूरे मार्ग को जयकारों से गुंजायमान कर दिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और जय परशुराम के गगनभेदी नारे लगाते हुए पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की। शोभायात्रा की शुरुआत जिला प्रभारी परशुराम सेना शिवम शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर संजय पाण्डेय एडवोकेट सवायजपुर, शिवम तिवारी मुकेश त्रिवेदी, बाबा अग्निहोत्री, सीटू अग्निहोत्री, आशीष शुक्ला, हरिओम शुक्ला, पंकज शुक्ला (प्रधान, मुंडेर), सत्यदेव शुक्ला, ऋतेश त्रिपाठी अभिषेक पाण्डेय संदीप शुक्ला समेत सैकड़ों श्रद्धालु अपने.अपने वाहनों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। साथ ही भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता दीपांशु सिंह रोहित सिंह, अमित कुमार भदौरिया और अनुज मिश्र (आलियापुर) भी यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस दौरान संजय पाण्डेय एडवोकेट ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। रूपापुर में शोभायात्रा का स्वागत भाजपा के युवा नेता आदेश सिंह द्वारा सभी श्रद्धालुओं को माला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर किया गया। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

## मझिगवां में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**कोथावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के मझिगवां गांव में रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई। यह आयोजन ग्राम पंचायत प्रधान मुकेश मौर्या और अनूप मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे और भगवान परशुराम की पूजा.अर्चना कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने ब्राह्मण समाज से एकजुट होकर राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की जागरूकता और एकता से ही राष्ट्र की दिशा और दशा में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। वहीं युवा कवि शुभम शुक्ला ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम को त्याग, तपस्या और न्याय का प्रतीक बताया। उन्होंने समाज में शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के लिए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अध्यापक आशुतोष पांडे ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विनीत पांडे, राजीव रंजन त्रिपाठी, नीरज शुक्ला, दीपू शुक्ला, सूर्या सिंह, भोला, विशाल सिंह, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, सुनीत पांडे, सौरभ सिंह, अभयराज सिंह, सुनील रावत, विनीत कुमार सिंह, राजू मिश्रा, आशुतोष त्रिवेदी, नारायण अवस्थी, गिरीश मिश्रा, मुकेश तिवारी, लल्लन तिवारी, कौशल पांडे, विनोद पांडे, दूध नाथ तिवारी, सुरेश शुक्ला, नरेंद्र मिश्र सहित तमाम ग्राम व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## अधेड़ की संदिग्ध मौत

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रही है। नई बस्ती निवासी विजयपाल 40 वर्ष पुत्र लालाराम शराब पीने का आदी था। परिजनों के अनुसार रविवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई तुरंत उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

## समाजसेविका के प्रयास से आयोजित हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते विशेषज्ञ डॉक्टर फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**साण्डी ( हरदोई )।** विकास खंड के बरनई गांव में कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान की संचालिका व समाजसेविका शालिनी सिंह द्वारा गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया! शिविर में गांव व क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच कराई व चिकित्सीय परामर्श का लाभ लिया!

शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ अनूप दीक्षित के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया! जिसमें ब्लड प्रेशर शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचे नि:शुल्क की गई! इस दौरान मरीजों को उनकी बीमारियों के अनुसार दवाइयां भी वितरित की गई! शिविर में बुजुर्गों महिलाओं एवं बच्चों की विशेष रूप से जांच की गई जिससे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला! कार्यक्रम का आयोजन समाजसेविका शालिनी सिंह की देखरेख में किया गया! उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी कई लोग आर्थिक तंगी के कारण समय पर अपना इलाज नहीं कर पाते ऐसे में इस प्रकार के शिविर उनके लिए काफी लाभदायक सिद्ध होते हैं! उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे! शिविर में आए हुए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें घर बैठे विशेषज्ञ डॉक्टर से नि:शुल्क दवाइयां और परामर्श मिलना बड़ी राहत की बात है! शिविर के सफल आयोजन पर लोगों ने समाजसेविका के प्रयास की सराहना की और इसे जन सेवा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया!

इस अवसर पर मुख्य रूप से नत्थू सिंह कल्लू चौहान लाल सिंह सर्वेंद्र राजू पप्पू भीम शैलेंद्र पंकज आदेश रामासरे भूरे सालिक वेदना निशा शैल शुभी रानी सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे!

## फुलवारी तोड़ने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के अल्लाहपुर इबनेजयी मोहल्ले में भूमि विवाद के चलते फुलवारी तोड़ने पर दबंगों ने एक व्यक्ति तथा महिला को पीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अल्लाहपुर निवासी सरदार प्रसाद पुत्र बंधू के अनुसार गुलजारीए रामकिशोर पुत्रगण छेदा तथा शीलू पुत्र गुलजारी ने उसके घर के बाहर लगी हुई फुलवारी तोड़ दी मना करने पर सभी ने मिलकर उसे मारा पीटा। मारपीट की आवाज सुनकर बहू सरला बचाने आई तो दबंगों ने उसे पीटा जिससे उसे काफी चोटे आई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है।

## डंडों से हमला कर लहू लुहान किया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने रेलवे स्टेशन फाटक के पास ग्रामीण पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण घायल हो गया। घायल ग्रामीण का प्राथमिक उपचार कराया गया। नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम दौलतपुर गंगा दास निवासी आकाश पुत्र बटेश्वर के अनुसार 17 अप्रैल को शाम सात बजे वह घर वापस आ रहा था। तभी रेलवे फाटक के पास चंदनए प्रधान पुत्र वीरेंद्र ने घेर लिया और गाली गलौज करते हुए डंडों से हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## विवाहिता ने पति सहित चार ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर की रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज में रूपये 50000 की नगदी और बाइक मिलने की मांग पूरी न होने के कारण पति सहित चार ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव की रहने वाली नीलम पुत्री अवधेश के अनुसार उसका विवाह पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम अनंगपुर में सुनील कुमार पुत्र बृजेश कुमार के साथ हुआ था जिसमें उसके पिता ने हैसियत के हिसाब से दहेज दिया। लेकिन ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में रूपये 50000 की नकदी और एक बाइक की मांग करने लगे। नीलम के अनुसार जब उसने मायके वालों की हैसियत न होने की बात कही गई तो उसे मारा पीटा गया। 8 अप्रैल को पति सुनीलए ससुर बृजेशए सास माधुरीए देवर अंकित ने उसे मारा पीटा और कहा कि जब तक वह दहेज नहीं लायेगी तब तक उसे घर में नहीं रखा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच पड़ताल जा रही है।

## दो बच्चों को छोड़कर मां फरार, अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली शाहाबाद के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता अपने दो मासूम बच्चों को सड़क पर छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित पति के अनुसार उसकी 25 वर्षीय पत्नी 17 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे घर से सात वर्षीय पुत्री और दो वर्ष के पुत्र को लेकर कहीं चली गई।उसकी पत्नी उसी शाम को अल्लाह पुर चुंगी के निकट दोनों मासूम बच्चों को सड़क पर छोड़कर फिर दोबारा कहीं चली गई। मोहल्ले के लोगों ने बच्चों की सूचना उसे दी। पत्नी एक बार पूर्व में भी इसी तरह लापता हो चुकी है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## टैम्पो चालक ने मारपीट का आरोप लगाया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के ग्राम वारिपुर निवासी टैम्पो चालक ने दो लोगों पर शराब के नशे में गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है। पीड़ित कुशविंदर सिंह पुत्र ऋषिपाल के अनुसार वह टैम्पो चलाकर अपना गुजारा करता है। 17 अप्रैल की दोपहर दो बजे वह अल्लाहपुर तिराहे पर सवारियों का इंतजार कर रहा था तभी अल्लाहपुर निवासी लल्ला पुत्र मिथलेश राठौर ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालात महिला की मौत

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के मोहल्ला बुध बाजार निवासी साजिदा 57 वर्ष पुत्री अंसार रविवार को शाम ०4:00 बजे अचानक तबीयत खराब हुई तो परिजन तत्काल सीएचसी लाये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामसेवक पुत्र परमेस्वरदीन निवासी ग्राम व पोस्ट रैसो जनपद हरदोई का हूं। मेरी जमीन व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामू दर्ज है। अतः मुझे रामसेवक उर्फ रामू दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। भविष्य में भी उक्त दोनों नामों से जाना जाये।

रामसेवक पुत्र परमेस्वरदीन,

निवासी-ग्राम व पोस्ट रैसो, जनपद-हरदोई।


## नगर पंचायत में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व



शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य श्रद्धालु

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** रविवार को नगर पंचायत कछौना पतसेनी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित शिवालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया! इस अवसर पर मंदिर में विशेष साफ-सफाई व पूजा अर्चना का आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की!

कार्यक्रम के अंतर्गत रुद्राभिषेक भजन कीर्तन प्रवचन महा आरती ओंकार जाप भजन संध्या दीपोत्सव आज धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया! इस दौरान वातावरण हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा! नगर पंचायत अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला पंकज के नेतृत्व में लिपिक जय बहादुर सिंह व सभासदों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और समाज में एकता सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया! आयोजन के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ला पंकज ने बताया की सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी आस्था और गौरव का प्रतीक है जिसे हर वर्ष इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा! कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया!

## आर्य समाज का वृहद यज्ञ के साथ वेद प्रचार कार्यक्रम, एक सौ एक निराश्रित विधवाओं को साडी का वितरित की

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा हरदोई के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर सवायजपुर में 19 अप्रैल 2026 को बृहद वैदिक यज्ञ, वेद प्रचार कार्यक्रम व साड़ी वितरण का आयोजन किया गया विचार गोष्ठी का विषय **नारी उत्थान में आर्य समाज का योगदान** रहा। तत्पश्चात 101 निराश्रित विधवाओं को साड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गयाद्य कार्यक्रम में मथुरा से पधारे आचार्य चंद्र देव शास्त्री ने कहा कि यदि आज राष्ट्रपति के पद पर एक महिला आसीन है तो यह आर्य समाज और महर्षि दयानंद की देन है एवं नोएडा से पधारी अलका आर्या ने संबंधित विषय पर भक्ति परक भजनों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। त्यागमुनि वानप्रस्थी ने भी प्रेरणाप्रद भजनों से समाज को दिशा देने का कार्य कियाद्य अन्य अतिथियों में डॉ० ब्रह्मस्वरूप पाण्डेय, डॉ० शीला पाण्डेय, डॉ० संतोष पाण्डेय, रामरूप पाण्डेय, डॉ० दिनेश पाण्डेय आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में दीप प्रकाश आर्य, अतीव प्रकाश, अर्पित शुक्ल, सुनीता पाण्डेय, गरिमा पाण्डेय, देवीचरण आर्य, श्याम सिंह, हरिशंकर आर्य, वेदिका आदि मौजूद रहेद्य अंत में आर्य समाज प्रधान आर्येन्द्र पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शिल्पी हत्याकांड में पड़कर एक और को भेजा गया जेल

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राघोपुर क्षेत्र के गढ़ी रसूलपुर में हुए शिल्पी कुशवाहा के मर्डर में फरार दूसरे आरोपी प्रमोद द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह मामला 13 अप्रैल का है, जब गढ़ी रसूलपुर गांव में शिल्पी कुशवाहा की हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी ऋषभ द्विवेदी ने फावड़े से शिल्पी की गर्दन पर कई वार कर उसकी जान ले ली थी। इस मामले में पुलिस ने ऋषभ द्विवेदी और उसके पिता प्रमोद द्विवेदी को नामजद किया था। पुलिस ने घटना के बाद मुख्य आरोपी ऋषभ द्विवेदी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। फरार चल रहे ऋषभ द्विवेदी के पिता प्रमोद द्विवेदी को रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे मल्लावां-गौसगंज मार्ग पर शारदा नहर के निकट एक मंदिर के पास से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले की जांच सघनता से की जा रही है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन को लेकर आला अधिकारियों की लगी भीड़, किया निरीक्षण

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयारियां तेज हो गई हैं। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के निरीक्षण दौरान उच्च स्तरीय टीम द्वारा क्षेत्र का दौरा किया गया। वही हेलीपैड बनने वाली जगह का भी निरीक्षण किया गया। 19 अप्रैल को निरीक्षण दौरान दीपक कुमार सीईओए यूपीडा प्रवीण कुमार एडीजी एडीजी ट्रैफिक सतीश गणेश कमिश्नर विजय विश्वास पंत तथा आईजी किरन जिलाधिकारी अनुनय झा पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा सहित जिले के समस्त आलाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रशासन ने संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैंए ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। वहीं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निरीक्षण करने हेतु तथा सुप्रसिद्ध स्थान बाबा सुनासीर नाथ शिव मंदिर पर पूजन करने आगमन को लेकर मन्दिर पर पहुंच कर साफ-सफाई एवं आवा गमन का निरीक्षण किया इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मंदिर परिसर पहुँच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहां की 24 तारीख के पहले अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु युद्ध स्तर पर काम करें। वहीं सफाई अभियान को लेकर के जनपद के 19 ब्लॉकों से आए समस्त सफाई कर्मी आज सफाई कार्य करते नजर आए। सुनासीर नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला मंदिर आचार्य पंडित रामगोविन्द द्विवेदी ने बताया कि 24 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ का मंदिर दर्शन करने आगमन सुनिश्चित हुआ है और महाराज जी का आगमन हमारे क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशु के अथक प्रयास करने के साथ ही सुनिश्चित हुआ है।

## बैंक कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** शनिवार 18 अप्रैल 2026 को यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस के आह्वान पर देशभर में बैंक कर्मियों एवं अधिकारियों ने ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने तथा प्रॉफिट लिंक्ड इंसेंटिव में भेदभावपूर्ण व्यवस्था के विरोध में अपना प्रतिरोध दर्ज कराया। यह कार्यक्रम यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन का हिस्सा था, जिसमें उसके सभी घटक संगठनों के सदस्यों ने भागीदारी की। यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस के स्थानीय संयोजक ने स्पष्ट किया कि नवंबर 2023 में भारतीय बैंक संघ द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग पर सहमति के बावजूद इसे लागू न किया जाना तथा पीएलआई के संबंध में एकतरफा और भेदभावपूर्ण निर्णय थोपना कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ अन्याय है। इस मुद्दे पर द्विपक्षीय वार्ता से समाधान ही स्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि यह विरोध कार्यक्रम इस बात का स्पष्ट संदेश है कि बैंक कर्मचारी और अधिकारी अपने जायज अधिकारोंए सम्मान तथा समानता के लिए एकजुट हैं और आंदोलन को आगे भी पूरी ताकत से जारी रखेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के कार्यकारी चेयरमैन क्षितिज पाठक ने कहा है कि घोषित आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत 2 मई को काला बैजए 16 मई को काले वस्त्र तथा आगे आवश्यकता पड़ने पर धरना और हड़ताल जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यूएफबीयू के स्थानीय नेतृत्व ने सभी बैंक कर्मियोंए अधिकारियों और वरिष्ठ साथियों द्वारा आने वाले सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा है कि एकता ही हमारी शक्ति है, और संघर्ष से ही समाधान निकलेगा।

## भीषण अग्निकांड, दो घर जलकर खाक

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के ग्राम पंडरवा किला में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक लगी भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने गांव निवासी रिजवान पुत्र मसरूर अली व इसहाक पुत्र मसरूर अली के घरों को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते दोनों परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर, जरूरी दस्तावेज, जेवर व नगदी सहित लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और उठता धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बाल्टी, पाइप व अन्य संसाधनों की मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों की तत्परता और एकजुटता से आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गयाए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि आग लगने के दौरान परिवार के सदस्य किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आएए जिससे जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक रूप से दोनों परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि ग्रामीण शॉर्ट सर्किट या चूल्हे से निकली चिंगारी की आशंका जता रहे हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कराया जाए और पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता, खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंए ताकि वे दोबारा अपना जीवन पटरी पर ला सकें।

## दोहरा तेल संकट और कमजोर भारतीय रुपया

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च 2026 के द्विमासिक पारिवारिक मुद्रास्फीति अनुमान सर्वेक्षण के अनुसार अनुमानित मुद्रास्फीति 7.2 प्रतिशत है। यह फरवरी के आधिकारिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित 3.2 प्रतिशत के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है। सीपीआई को हाल ही में वास्तविक मुद्रास्फीति के अधिक सटीक आकलन करने के लिए संशोधित किया गया था। आरबीआई सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले तीन महीनों में कीमतों में 8.5 प्रतिशत और पूरे वर्ष में 8.8 फीसदी वृद्धि का अनुमान है। यह कोई सांख्यिकीय विसंगति या लोकप्रिय निराशावाद नहीं है। यह जमीनी हकीकत है तथा राजनीतिक रूप से आधिकारिक आंकड़ों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर शायद ही कभी इतना संवेदनशील रहा हो। इस बीच भारत दोहरे तेल संकट से जूझ रहा है। पहला संकट ईंधन का है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण मार्च में कच्चे तेल की कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई जिससे परिवहन और बिजली की लागत बढ़ गई है। लगभग सभी विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं। आरबीआई खुद मानता है कि अगर संघर्ष फिर से शुरू होता है तो साल के लिए उसका 85 डॉलर प्रति बैरल का आधारभूत अनुमान आसानी से टूट सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और ईरान के बीच घोषित युद्धविराम अस्थायी स्वरूप का है। शांति वार्ता विफल हो चुकी है। संघर्ष फिर से शुरू होने से तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा और इसके कारण भारत में महंगाई भी तेजी से बढ़ेगी। दूसरा तेल वह है जिसका उपयोग भारतीय नागरिक खाना पकाने में करते हैं। भारत अपने खाद्य तेलों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। पाम तेल इंडोनेशिया और मलेशिया से, सोया तेल अर्जेंटीना व ब्राजील से तथा सूरजमुखी तेल रूस एवं यूक्रेन से मंगाया जाता है। पश्चिम एशियाई संकट ने वैश्विक कमोडिटी बाजारों को हिलाकर रख दिया है और कच्चे तेल के साथ-साथ वनस्पति तेलों की कीमतों में भी उछाल आया है। खुदरा खाद्य तेल की कीमतें मात्र एक सप्ताह में 1 से 4 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ गईं। कीमतों को लेकर चिंतित रिफाइनरों द्वारा आयात रोके जाने के कारण मार्च में भारत का पाम तेल आयात 19 प्रतिशत गिरकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। इससे आने वाले महीनों में घरेलू उपलब्धता और भी कम हो जाएगी। ये दोनों तेल घरेलू बजट पर भारी पड़ते हैं। ब्रेकप्वाइंट नामक एक नई पुस्तक में बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवा, दवा, शिक्षा, परिवहन और मकान किराए में मुद्रास्फीति का वास्तविक अनुभव कई वर्षों से उच्च रहा है। भारत की हाल ही में संशोधित सीपीआई बास्केट में अभी भी एक संरचनात्मक खामी है। यह उन मौजूदा किरायेदारों द्वारा भुगतान किए जाने वाले किराए को शामिल करता है जिनके पट्टे सालाना 5-10 प्रतिशत की दर से बढ़ते हैं जबकि नए किराएदारों से लिए जाने वाले बाजार किराए को अनदेखा करता है। भारत के शहरों में दलाल और किरायेदार नियमित रूप से किराए में दो अंकों की वृद्धि की रिपोर्ट कर रहे हैं जबकि आधिकारिक आवास मुद्रास्फीति दर कम बनी हुई है। सूचकांक गलत कीमत माप रहा है। आधिकारिक पद्धति सही स्थिति नहीं बता रही है। यह सब वास्तविक मजदूरी में ठहराव की पृष्ठभूमि में हो रहा है, खासकर ग्रामीण भारत में यह हो रहा है। जब हर चीज महंगी हो जाती है और मजदूरी उस अनुपात में नहीं बढ़ती तो परिवार पोषण में कटौती करते हैं, चिकित्सा देखभाल में देरी करते हैं और बच्चों को निजी स्कूलों से निकाल लेते हैं। हरियाणा के मानेसर और नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरी वृद्धि के लिए हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन केवल श्रम विवाद नहीं हैं। ये मुद्रास्फीति का सामाजिक प्रकटीकरण हैं। मानेसर में कारखाने के श्रमिकों ने काम का बहिष्कार किया, पुलिस से झड़प की और सरकार को एक नाटकीय रियायत देने के लिए मजबूर किया। सरकार ने अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी में 35 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। यह बमुश्किल पर्याप्त है। मुद्रास्फीति की तुलना में मजदूरी में वृद्धि न होने के खिलाफ वर्षों से चली आ रही घुटन का प्रदर्शन था। नोएडा में गारमेंट और होजरी फैक्ट्रियों के मजदूरों ने पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़-फोड़ शुरू कर दी।

**सीपीआई को हाल ही में वास्तविक मुद्रास्फीति के अधिक सटीक आकलन करने के लिए संशोधित किया गया था। आरबीआई सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले तीन महीनों में कीमतों में 8.5 प्रतिशत और पूरे वर्ष में 8.8 फीसदी वृद्धि का अनुमान है। यह कोई सांख्यिकीय विसंगति या लोकप्रिय निराशावाद नहीं है। यह जमीनी हकीकत है तथा राजनीतिक रूप से आधिकारिक आंकड़ों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर शायद ही कभी इतना संवेदनशील रहा हो।**

## वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग, इनकी देखभाल हमारा कर्तव्य

हृदयनारायण दीक्षित

**मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद् जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।**

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आँखें छलछला जाती हैं। ताजा घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए। बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए। किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्धों की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है। मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद् जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है। वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुख साझा रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त हैं। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो रही हैं। सभी प्राणी काल के भीतर है। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरी-पूरी तरूणाई आती है। तरूणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद् पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए है-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है। लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्नास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी वाल्यावस्था का ह्नास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्नास होता है। वृद्धि रूक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कान्ति चेहरे की दीप्ति का ह्नास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्नास होता है। 5वें दशक में सौन्दर्य का ह्नास और छठे में दृष्टि का ह्नास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्नास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्नास होता है। आधुनिक विज्ञान ने इस ह्नास को घटाया है लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवन्त अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है। माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्सम्बंध एकात्म है। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उड़ेलने वाले शक्ति केन्द्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें। ऋग्वेद (10.22.3) में इन्द्र से कहते हैं ''जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम।'' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इन्द्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरे तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इन्द्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें-प्रमतिपितेव। इन्द्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, ''हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।ङ्क सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है। माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं-सिखाते हैं। वे स्वयं की चिन्ता नहीं करते अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरूण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरूणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, ''हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे।'' बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते-हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं? अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा-भोजन मिलता है लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है। लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

## पौष्टिक अनाजों की प्रदर्शनी

बाबा मायाराम

**महिलाओं को पारंपरिक भोजन व व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण और स्कूली बच्चों के लिए बाल मेला आयोजित किए जाते हैं साथ ही जगह-जगह देशी बीजों व जैव विविधता की प्रदर्शनी लगाई जाती है। आज इस कॉलम में इसी पहल पर बात करना चाहूंगा, जिससे पौष्टिक अनाजों के महत्व के बारे में समझा जा सके। इस पहल की अगुआई निर्माण संस्था ने की है।**

मध्यप्रदेश में आदिवासियों के बीच पौष्टिक भोजन की वापसी की पहल की जा रही है। इस पहल से विशेष तौर पर महिलाओं और बच्चों को जोड़ा जा रहा है। महिलाओं को पारंपरिक भोजन व व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण और स्कूली बच्चों के लिए बाल मेला आयोजित किए जाते हैं साथ ही जगह-जगह देशी बीजों व जैव विविधता की प्रदर्शनी लगाई जाती है। आज इस कॉलम में इसी पहल पर बात करना चाहूंगा, जिससे पौष्टिक अनाजों के महत्व के बारे में समझा जा सके। इस पहल की अगुआई निर्माण संस्था ने की है। इस संस्था का काम मुख्य रूप से मैकल पर्वत श्रृंखला के कई बैगा गांवों में है, जहां से नर्मदा व सोन नदी निकलती है। यह संस्था मंडला-डिंडौरी जिले के आदिवासियों के बीच बेंवर खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। इसके साथ मध्यप्रदेश के पातालकोट, छत्तीसगढ़ के पहाड़ी कोरवा व अनूपपुर के आदिवासियों में भी इस संस्था ने पौष्टिक अनाजों की खेती को प्रोत्साहित किया है। निर्माण संस्था के नरेश विश्वास बताते हैं कि कुछ दशक पहले तक पौष्टिक अनाज की खेती को आदिवासी भूल चुके थे। उनके पास देशी बीज भी बहुत कम बचे थे, या नहीं थे। शुरूआत में वे गांव-गांव गए, देशी बीजों की तलाश की, और बीज एकत्र किए। आदिवासियों को इन बीजों को बोने के लिए तैयार किया। बीजों का आदान-प्रदान किया, जिससे फिर से इनकी वापसी हो रही है। इसी के मद्देनजर संस्था ने बीजों की रिश्तेदारी नामक मुहिम चलाई, जिसमें बीजों की पहचान, उसके गुणधर्म जानना और उनका आदान-प्रदान करना। इस तरह मध्यप्रदेश के बीज देश के कई इलाकों में पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। देशी बीजों की पौष्टिक अनाजों की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। नरेश विश्वास बताते हैं कि पौष्टिक भोजन को रूचिकर व स्वादिष्ट बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। लड्डू, खिचड़ी, पुलाव, बिस्कुट, खीर बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। जैव विविधता प्रदर्शनी के माध्यम से इनकी पहचान कराई जाती है, और तौर-तरीके बताए जाते हैं। पौष्टिक अनाजों के पोस्टर छपाए गए हैं, जिन्हें प्रदर्शनी में लगाया जाता है। इन पोस्टरों में कंग, मड़िया, कोदो, कुटकी इत्यादि के पोषक तत्वों के बारे में बताया गया है। संस्था की कार्यकर्ता मुनिया मस्कोले ने कई स्थानों पर जैव विविधता प्रदर्शनी लगाई है। लड्डू, खीर, पुलाव, खिचड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया है। मध्यप्रदेश डिंडौरी, मंडला, छत्तीसगढ़ के अनूपपुर, बिलासपुर, जशपुर में प्रशिक्षण दिया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ में जन स्वास्थ्य सहयोग की महिला कार्यकर्ताओं के साथ व्यंजन बनाने की कार्यशाला भी की है। इसके अलावा संस्था ने सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी की है। हाल ही में भोपाल के मानव संग्रहालय और कटनी में प्रदर्शनी लगाई थी। मुझे स्वयं कई बार उनकी जैव विविधता प्रदर्शनी को देखने का मौका मिला है। गांव से लेकर देश के कई कोनों में यह प्रदर्शनी लगाई गई है। महाराष्ट्र के वर्धा में मैंने यह प्रदर्शनी देखी थी। यहां कई किसान व महिलाओं ने न केवल प्रदर्शनी को देखा, बल्कि बीजों की जानकारी ली, बीज लिए, और व्यंजन बनाने के तौर-तरीके भी सीखे। इसी प्रकार, पातालकोट में एक जैव प्रदर्शनी में मुझे शामिल होने का मौका मिला था। जहां पर मुनिया मस्कोले जी ने महिला समूहों के साथ मिलकर कोदो-कुटकी की खिचड़ी, महुआ के लड्डू, खीर और बिस्कुट बनाए थे। नरेश विश्वास कहते हैं कि हम स्कूली बच्चों के साथ भी बाल मेला, और जंगल यात्राएं करते हैं। जिससे उन्हें पौष्टिक अनाजों, गैर कृषि खाद्य (अनकल्टीवेटेड फूड) से जोड़ा जा सके। उनकी पहचान कराई जा सके, उनके गुणधर्मों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने बताया कि देशी मक्के के खेत में कई तरह की कुदरती हरी पत्तीदार भाजियां मिलती हैं। पिछले साल मुझे स्कूली बच्चों के साथ जंगल में पेड़ पौधे, खाद्य पदार्थ जानने, पहचानने और वन खाद्य चखने का मौका मिला मिला। कोदो का भात, और जंगली हरी पत्तीदार भाजियां भोजन में शामिल थीं। हम बच्चों के साथ जंगल में घूमे थे। इस कार्यक्रम को वन कलेवा नाम दिया गया था। यानी जंगल से मिलने वाला भोजन, जो कुदरती तौर पर उपलब्ध है। जंगल से मिलने वाली भोजन की थाली भी इसे कह सकते हैं। स्कूली बच्चों की जंगल के दौरे में उनके शिक्षक, गांव के बुजुर्ग और चरवाहे शामिल थे। गांव के बुजुर्गों ने कई तरह की जड़ी-बूटियों से बच्चों की पहचान कराई। कई तरह की हरी पत्तीदार भाजियां दिखाईं और एकत्र कीं। बाद में जंगल में स्थित देव के पास कुटकी का भात पकाया गया और जंगल से एकत्र की गईं हरी पत्तीदार भाजियों की सब्जी बनाई। सामूहिक रूप से मिलकर इसे पकाया और स्वादिष्ट खाना खाया। यह अनोखा कार्यक्रम था। इससे बच्चों को उनके आसपास के जंगल और जैव विविधता को जानने का मौका मिल रहा था। निर्माण संस्था के नरेश विश्वास ने बहुत मेहनत से वन खाद्यों के बारे में कुछ पुस्तिकाएं भी प्रकाशित की हैं। इसी प्रकार, मुझे यहां एक जैव-विविधता प्रदर्शनी में शामिल होने का मौका मिला था। यह निर्माण संस्था द्वारा आयोजित थी, जो इस इलाके में देशी बीजों की जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इसके अलावा, बल्लर, बरबटी, लौकी, गिलकी, लाल सेमी इत्यादि के बीज शामिल थे। इन अनाजों से कई तरह के व्यंजन बनाकर भी टेबल पर सजाए गए थे। जैसे कुटकी पापड़, सावां चटली, कोदो पापड़ी, मड़िया पापड़ी, मड़िया सेव, कोदो चाटला, बाजरा के बड़े, महुआ हलवा, सावां के लड्डू, कोदो के लड्डू, ज्वार के लड्डू, महुआ का भुरका, कोदो पुलाव, कुटकी खीर, सावां की खिचड़ी, ज्वार का भात, मड़िया का हलवा इत्यादि। मुनिया मस्कोले बताती हैं कि बच्चों को लड्डू, बिस्कुट बहुत पसंद आते हैं। और इसी के साथ उनके परिवारजन भी खाते हैं। इसलिए प्रदर्शनी इसकी शुरूआत भर है। बाद में इसे वे खुद बनाते और खाते हैं। आदिवासी तो पहले से ही इन्हें जानते और खाते थे, इसलिए वे जल्दी इससे जुड़ जाते हैं। वे आगे बताती हैं कि उनका काम बैगा समुदाय में बीजों को बचाने और उनको खेतों में वापस लाने के लिए प्रेरित करना है। वे कोदो बिस्कुट, रागी बिस्कुट बनाती हैं। इनको बनाने के लिए प्रशिक्षण देती हैं। महुआ लड्डू, दलिया और सत्तू भी बनाती हैं। कोदो, कुटकी, सांवा की खिचड़ी व खीर भी बनाती हैं। इसके पहले संस्था ने कई बरसों तक बेंवर खेती को बढ़ावा दिया है, जिसमें पौष्टिक अनाज ही बोए जाते हैं। बेंवर खेती बिना जुताई की जाती है। ऐसी मान्यता है कि हल से धरती मां की छाती पर घाव होगा और उसे पीड़ा होगी। उसे नुकसान होगा। ग्रीष्म ऋतु में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियां, पत्ते, घास और छोटी झाड़ियों को एकत्र कर उनमें आग लगा दी जाती है और फिर उसकी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है। जब बारिश होती है तो उन बीजों में अंकु र आ जाते हैं। धीरे-धीरे उगे पौधे बड़े होते हैं और फसलें लहलहा जाती हैं। धरती मां की इस फसल को देखकर किसी भी किसान का दिल खुशी से उछल सकता है। कुल मिलाकर, बेंवर खेती की विविध खेती, जैव विविधता प्रदर्शनी, पौष्टिक अनाजों का प्रशिक्षण, बाल मेला, यह सभी प्रयास पौष्टिक अनाजों को फिर से चलन में लाने के लिए हैं। इससे भोजन में विविधता, स्वाद तो बढ़ता ही है, रोगों की रोकथाम भी होती है। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव विविधता, पर्यावरण की रक्षा और मौसम बदलाव सभी दृष्टि से उपयोगी है। बच्चों को उनके आसपास के जंगल पहचानने, गुणधर्म जानने व जैव विविधता से जोड़ने के लिए उपयोगी है। समुदाय के साथ मिलकर जैव विविधता के संरक्षण व संवर्धन की भी यह अच्छी पहल है। महिला सशक्तिकरण का भी यह अच्छा उदाहरण है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

## वैश्विक कनेक्टिविटी की डिजिटल जीवनरेखा की सुरक्षा

गिरिराज अग्रवाल

इंडो-पैसिफिक के विशाल जल के नीचे ऐसा नेटवर्क मौजूद है जो काफी हद तक नजरों से ओझल है, लेकिन आधुनिक दुनिया को संचालित करने में अपरिहार्य है। समुद्र के अंदर बिछे केबल, जिन्हें अक्सर सार्वजनिक विमर्श में नजरअंदाज कर दिया जाता है, वैश्विक कनेक्टिविटी, आर्थिक आदान-प्रदान और रणनीतिक समन्वय के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

**समुद्र के अंदर बिछे केबल अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट ट्रैफिक का 95 प्रतिशत से अधिक वहन करते हैं, जो सीमा-पार भुगतानों से लेकर क्लाउड और एआई सेवाओं तक हर चीज में मदद करते हैं। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में एक आर्थिक अधिकारी कहती हैं, क्योंकि इतने सारे मार्ग इंडो-पैसिफिक के संकरे गलियारे से होकर गुजरते हैं, वहां किसी भी प्रकार की कटौती या समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटके दे सकता है। यही कारण है कि इन केबल की सुरक्षा अग्रिम पंक्ति का रणनीतिक मुद्दा बन गई है। अमेरिका और जिन अनेक देशों को ये केबल जोड़ते हैं, उनके लिए ये आर्थिक जीवनरेखाएं हैं। एशिया-केंद्रित मार्ग अमेरिकी डिजिटल व्यापार और सेवाओं के निर्यात के एक बड़े हिस्से में मदद करते हैं और एक हालिया अनुमान बताता है कि समुद्र के अंदर बिछे केबल सिस्टम के माध्यम से इस क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष लगभग 169 अरब डॉलर का योगदान देती है, अधिकारी कहते हैं।**

समुद्र के अंदर बिछे केबल अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट ट्रैफिक का 95 प्रतिशत से अधिक वहन करते हैं, जो सीमा-पार भुगतानों से लेकर क्लाउड और एआई सेवाओं तक हर चीज में मदद करते हैं। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में एक आर्थिक अधिकारी कहती हैं, क्योंकि इतने सारे मार्ग इंडो-पैसिफिक के संकरे गलियारे से होकर गुजरते हैं, वहां किसी भी प्रकार की कटौती या समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटके दे सकता है। यही कारण है कि इन केबल की सुरक्षा अग्रिम पंक्ति का रणनीतिक मुद्दा बन गई है। अमेरिका और जिन अनेक देशों को ये केबल जोड़ते हैं, उनके लिए ये आर्थिक जीवनरेखाएं हैं। एशिया-केंद्रित मार्ग अमेरिकी डिजिटल व्यापार और सेवाओं के निर्यात के एक बड़े हिस्से में मदद करते हैं और एक हालिया अनुमान बताता है कि समुद्र के अंदर बिछे केबल सिस्टम के माध्यम से इस क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष लगभग 169 अरब डॉलर का योगदान देती है, अधिकारी कहते हैं। वे एआई और क्लाउड युग की महत्वपूर्ण रीढ़ भी हैं, वह जोड़ती हैं, यह इंगित करते हुए कि प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां गति, सुरक्षा और मजबूती बढ़ाने के लिए ट्रांस-पैसिफिक और क्षेत्रीय केबल प्रणालियों में निवेश कर रही हैं। रणनीतिक आयाम भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सैन्य दृष्टि से यही फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क अमेरिका के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और गठबंधन अभियानों के लिए अपरिहार्य हैं। वह कहती हैं हमें इन्हें भौतिक और तकनीकी खतरों से बचाने की आवश्यकता है क्योंकि ये केबल नेटवर्क इस बात पर वास्तविक प्रभाव डालते हैं कि इंडो-पैसिफिक में शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है। इसके जवाब में, अमेरिकी नीति अब तेजी से समुद्र के अंदर बिछी केबल इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने और यह तय करने पर केंद्रित हो रही है कि इन नेटवर्कों का निर्माण और इनकी सुरक्षा कैसे की जाए। सरकारों और उद्योग के साथ साझेदारी के माध्यम से यह कार्यक्रम सर्वोत्तम प्रथाओं, मार्ग विविधीकरण और तोड़फोड़, निगरानी तथा अविश्वसनीय विक्रेताओं पर अत्यधिक निर्भरता जैसे जोखिमों से सुरक्षा को बढ़ावा देता है। इन प्रयासों को पूरक करते हुए केबल कनेक्टिविटी के लिए क्वाड साझेदारी- जो अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को जोड़ती है–क्षेत्र में सुरक्षित कनेक्टिविटी का विस्तार करने और नेटवर्क की मज़बूती को बढ़ाने का प्रयास करती है। अधिकारी कहते हैं ये प्रयास विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं का समर्थन करते हैं, उच्च इंफ्रास्ट्रक्चर मानकों को बढ़ावा देते हैं और ऐसे नए केबल मार्गों को प्रोत्साहित करते हैं जो विफलता के एकल बिंदुओं से बचते हैं। इस विकसित हो रहे परिदृश्य में भारत एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभर रहा है। लगभग एक अरब इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और तेजी से विस्तार कर रहे डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर को रेखांकित करते हुए वह बताती हैं, भारत की डिजिटल खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 36 जीबी के साथ तेजी से बढ़ रही है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है, इसकी भौगोलिक स्थिति इसकी महत्ता को और बढ़ाती है। इस परिवर्तन में अमेरिकी कंपनियां केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं। अमेरिकी हाइपरस्केलर भारत के डिजिटल इकोसिस्टम के केंद्र में बने हुए हैं, वह कहती हैं, नए निवेशों की ओर इशारा करते हुए जो लैंडिंग पॉइंट्स के विविधीकरण के माध्यम से भारत और क्षेत्र दोनों की कनेक्टिविटी को नया आकार दे रहे हैं। विशाखापट्टनम और मुंबई जैसे शहरों में हाल की परियोजनाएं भारत के सबसी गेटवे का विस्तार करने, मज़बूती बढ़ाने और देश की बढ़ती एआई-स्तर की डेटा और क्लाउड क्षमता की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करेंगी। अधिकारी कहती हैं, अमेरिका-भारत सहयोग पारदर्शी खरीद, विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं और सुरक्षित केबल विकास के लिए उच्च मानकों को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय मानदंडों को भी आकार दे सकता है। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, समुद्र के अंदर बिछे केबल कई तरह की कमजोरियों का सामना करते हैं, समुद्र के अंदर बिछे केबल के लिए सबसे आम खतरा आश्चर्यजनक रूप से साधारण है: आकस्मिक मानवीय गतिविधि, वह कहती हैं, यह बताते हुए कि मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर और जहाजों के लंगर हर साल रिपोर्ट होने वाली लगभग 150 केबल कटने की घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। भूकंप और समुद्र के नीचे भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं इन जोखिमों को और बढ़ा देती हैं। फिर भी, बढ़ती चिंता जानबूझकर किए गए व्यवधान को लेकर है किसी संकट की स्थिति में, शत्रुतापूर्ण लोग संचार और आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने के लिए केबलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, वह कहती हैं। तकनीकी कमजोरियां भी बनी रहती हैं, क्योंकि केबल निगरानी के लिए निशाना बनाए जा सकते हैं, जिससे जासूसी और डेटा अवरोधन को लेकर चिंताएं बढ़ती हैं। सीमित मार्ग विविधता जैसी संरचनात्मक कमजोरियां भी जोखिम को बढ़ा सकती हैं, क्योंकि इससे ट्रैफिक कुछ ही मार्गों पर केंद्रित हो जाता है। जब किसी केबल को काट दिया जाता है तो स्थान, अनुमति और मौसम के आधार पर मरम्मत में कई दिन या यहां तक कि कई सप्ताह लग सकते हैं, अधिकारी बताती हैं। दक्षिण चीन सागर या ताइवान जलडमरूमध्य जैसे विवादित क्षेत्रों में, केबल व्यवधान कनेक्टिविटी को धीमा कर सकते हैं, वित्तीय प्रवाह को बाधित कर सकते हैं, सैन्य संचार को जटिल बना सकते हैं और उन अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकते हैं जो डिजिटल व्यापार पर अत्यधिक निर्भर हैं। जुलाई 2025 में नई दिल्ली में आयोजित वेवलेंथ फ़ोरम ने कार्रवाई की तात्कालिकता को रेखांकित किया। एक प्रमुख निष्कर्ष यह है कि समुद्र के अंदर बिछे केबल को अग्रिम पंक्ति की रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में देखा जाना चाहिए, वह कहती हैं। प्रतिभागियों ने नियामकीय सुधारों की मांग की, जिसमें भारत में एक सुव्यवस्थित सिंगल-विंडो क्लियरेंस प्रणाली शामिल है, ताकि स्थापना और मरम्मत तेजी से हो सके। उन्होंने कुछ तटीय शहरों से परे लैंडिंग स्टेशनों के विविधीकरण और आंतरिक कनेक्टिविटी को मज़बूत करने के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि प्रणालीगत कमजोरियों को कम किया जा सके। भारत में मरम्मत की तत्परता भी एक महत्वपूर्ण कमी के रूप में सामने आई। जहाजों को अक्सर खराबी वाले स्थलों तक पहुंचने में बहुत अधिक समय लगता है, जिससे व्यवधान लंबा खिंचता है और आर्थिक तथा सुरक्षा जोखिम बढ़ते हैं, अधिकारी बताती हैं। कुल मिलाकर, इस फोरम ने इस बात को मज़बूत किया कि केबल सुरक्षा आर्थिक सुरक्षा, डिजिटल मज़बूती और भू-राजनीतिक स्थिरता से अविभाज्य है।

# उन्नाव में अक्षय तृतीया पर भव्य परशुराम मंदिर की स्थापना, विधि-विधान से संपन्न हुआ कार्यक्रम

- सदर विधायक के संयोजन में हुआ आयोजन, हवन-पूजन व मूर्ति स्थापना के साथ प्रबुद्ध जनों का सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शहर के मोहल्ला पूरन नगर के समीप भव्य परशुराम मंदिर की स्थापना का कार्यक्रम सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजन में आयोजित किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रस्ताव पर संपन्न हुआ, जिसमें भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना के साथ हवन-पूजन और आरती विधि-विधान से कराई गई।

कार्यक्रम के उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अशोक बाजपेई वेदान्ती ने कहा कि यह अत्यंत पावन अवसर है। लंबे समय से चली आ रही समाज की मांग को विधायक पंकज गुप्ता ने सहज और सरल स्वभाव के साथ पूरा किया है।

इस दौरान ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष धर्मेश दीक्षित, ज्ञानेश द्विवेदी व दद्दू सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मंदिर निर्माण की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से समाज में खुशी का माहौल है और यह स्थान अब एक पावन धाम के रूप में स्थापित हो गया है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि ल्लमेरी विधानसभा मेरा परिवार है और परिवार के लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करना मेरी प्राथमिकता रही है।ङ्क उन्होंने अयोध्या धाम यात्रा सहित अपने सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया और कहा कि जनआशीर्वाद से ही उन्हें इस कार्य में सहभागी बनने का अवसर मिला। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में बने सभाकक्ष का लोकार्पण भी किया।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने भगवान परशुराम के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक पंकज गुप्ता व उनके पुत्र प्रखर गुप्ता ने प्रबुद्ध जनों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विभिन्न संगठनों व गणमान्य लोगों द्वारा विधायक का सम्मान भी किया गया। अशोक बाजपेई वेदान्ती, धर्मेश दीक्षित, मनोज द्विवेदी व बच्चन पाण्डेय ने शंख भेंट किया, जबकि विजय त्रिपाठी, मोना पाण्डेय, अमित शुक्ला, गोपाल अवस्थी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा व अखिलेश अवस्थी ने फरसा भेंटकर सम्मानित किया। वहीं पुरोहित आचार्यों में सागर तिवारी, ओमी मिश्रा आदि ने घंटा भेंट किया।

## हनुमान मंदिर के 19वे स्थापना दिवस पर भंडारे का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज, उन्नाव। आजाद नगर स्थित ठाकुर खेड़ा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर का 19वां स्थापना दिवस रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की लंबी श्रृंखला चली, जिसमें क्षेत्रीय निवासियों के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उत्सव का शुभारंभ सुबह बाबा के भव्य श्रृंगार और आचार्यों द्वारा विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित सुंदरकांड पाठ में भजन गायकों ने अपनी सुमधुर चौपाइयों से भक्ति का ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण राममय हो गया। श्रद्धांजलि और पूजन के बाद दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी और बूंदी का वितरण किया गया। यह भंडारा दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिसमें हजारों राहगीरों और क्षेत्रीय लोगों ने बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य रूप से विधायक पंकज गुप्ता शामिल हुए।

# परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 14 बिखरते परिवार फिर हुए एक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- महिला हेल्पडेस्क व काउंसलिंग टीम के प्रयास से सुलझे पति-पत्नी के

उन्नाव। जनपद में परिवारों को टूटने से बचाने की दिशा में परिवार परामर्श केन्द्र एवं महिला हेल्पडेस्क की संयुक्त पहल सराहनीय साबित हो रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं वामा सारथी की जनपदीय अध्यक्षा नीतू सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन सहित विभिन्न थानों में आयोजित काउंसलिंग सत्र में 14 विवादित दंपतियों के बीच सुलह कराई गई। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम ने आपसी मतभेदों को दूर कराने के लिए दोनों पक्षों की विस्तार से बात सुनी और समझाइश देकर रिश्तों में आई कड़वाहट को खत्म कराया। इसके बाद सभी जोड़ों ने आपसी सहमति से साथ रहने का संकल्प लिया और उन्हें सकुशल विदा किया गया। बताया गया कि परिवार परामर्श केन्द्र से 4, थाना बांगरमऊ एवं सोहरामऊ से 2-2, जबकि कोतवाली सदर, आसीवन, पुरवा, हसनगंज, फतेहपुर चौरासी और सफीपुर थाना क्षेत्रों से एक-एक जोड़े का समझौता कराया गया। इस पुनीत कार्य में प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ. आशीष श्रीवास्तव के साथ सलाहकारों में सबिहा उमर, संजय चौरसिया, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, डॉ. अबसार अली एवं डॉ. सगीर अहमद की अहम भूमिका रही। वहीं पुलिस टीम में महिला हेल्पडेस्क प्रभारी संतोष कुमारी सिंह, महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, उपनिरीक्षक मिथलेश वर्मा सहित महिला आरक्षी एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने सक्रिय योगदान दिया।

# अक्षय तृतीया को मनाया गया, भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नवाबगंज-उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के परसन्दन (नवाबगंज) स्थित भगवान परशुराम के पौराणिक मंदिर में अक्षय तृतीया को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया।जिसमें दोपहर के समय करीब 11 बजे से हवन के तत्पश्चात बड़े ही भव्यता से जन्मोत्सव कार्यक्रम व विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।उसके बाद रात्रि जागरण व झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ किया व झांकियों के माध्यम से सभी क्षेत्र वासियों में भक्ति भावना जागृत हुई।सभी भक्तजनों ने भगवान परशुराम को प्रसाद चढा कर उनसे अपने जीवन को कष्ट मुक्त करने का आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम का आयोजन गुरु प्रसाद तिवारी,ज्ञानेंद्र कुमार पाठक, देवी शंकर द्विवेदी, व्योमजी द्विवेदी, विराट पाठक, कृष्ण दत्त त्रिपाठी व समस्त परशुराम भक्तों के द्वारा किया गया।।

## बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों को नहीं मिलेगा प्रदूषण प्रमाण पत्र

कौशाम्बी। जनपद में वाहन स्वामियों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (क्क्त्रक्क) लगवाना अब अनिवार्य कर दिया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 अप्रैल 2026 के बाद ऐसे किसी भी वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र (घ्ठए) जारी नहीं किया जायेगा जिस पर क्क्त्रक्क नहीं लगी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई प्रदूषण जांच केंद्र बिना क्क्त्रक्क वाले वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में परिवहन विभाग द्वारा संबंधित केंद्र का लाइसेंस निलंबित या निरस्त किया जा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संचालक की होगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जनपद के सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने वाहनों में क्क्त्रक्क लगवाना सुनिश्चित करें।

# भगवान परशुराम जयंती पर मंझनपुर में भव्य शोभा यात्रा

- जयकारों से गुंजायमान हुआ जिला मुख्यालय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





कौशाम्बी, विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय मंझनपुर में रविवार को भव्य आयोजन किया गया। ब्राह्मण समाज सेना कौशाम्बी के तत्वावधान में जिला पंचायत चौराहा पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों का जमावड़ा हुआ, जहां पूरे क्षेत्र में भगवान परशुराम के जयकारों की गूंज सुनायी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दुर्गा देवी संस्कृत विद्यालय मंझनपुर के 51 बटुक रहे, जिन्होंने पीले वस्त्र धारण कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। चौराहे से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मॉडल पार्क तक निकाली गई, जिसमें शंख, घंटा और घड़ियाल की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

मॉडल पार्क पहुंचने पर भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधिवत पूजन, माल्यार्पण एवं स्वस्तिवाचन मंत्रों के बीच श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद पार्क सभागार में ब्राह्मण गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों पर अपने विचार रखे। एडवोकेट राम प्रकाश मिश्रा ने ब्राह्मण समाज की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए विभिन्न कानूनों को वापस लेने की मांग की। प्रभारी सोम प्रकाश मिश्रा ने समाज के हर संघर्ष में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। पूर्व प्रमुख वीरेन्द्र नारायण शुक्ल ने संगठन की सराहना करते हुए एकजुटता पर बल दिया, जबकि रमाकांत तिवारी व अवनीश तिवारी ने सामाजिक आचरण और जरूरतमंदों की सहायता पर जोर दिया। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व प्राचार्य रवीन्द्र नारायण शुक्ल सहित कई गणमान्य लोगों ने किया। कार्यक्रम में जिले भर से आये श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी से मंझनपुर क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

# साइबर ठगों से युवक की पूरी रकम हलिया पुलिस ने कराई वापस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। यूपीआई के माध्यम से हुए साइबर फ्रॉड के मामले में उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले की हलिया थाना साइबर सेल टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए रविवार को पीड़ित के खाते में पूरी धनराशि वापस करा दी।

साइबर सेल के उपनिरीक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम डोहर निवासी मुकेश कुमार चौबे ने 21 फरवरी 2026 को 47,365 रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मामले में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने कार्रवाई करते हुए पहले 11,650 रुपये और बाद में 35,706 रुपये वापस कराए। इस प्रकार कुल 47,356 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। आज पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों और साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में उनके साथ आरक्षी विश्वनाथ प्रताप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भगवान परशुराम महासभा ने धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- समाज के लोगों ने एकस्वर से बुलंद किया एक दूसरे की मदद का नारा

बांदा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समूचे जनपद में भगवान विष्णु के छठवें अवतार कहे जाने वाले भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली। जगह जगह विभिन्न आयोजनों के माध्यम से ब्राह्मण समाज के लोगों ने जहां अपने अराध्य भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया, वहीं समाज में गरीब तबके के कमजोर वर्ग के लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने का नारा बुलंद किया। समाज के लोगों ने एक स्वर से कहा कि जब तक हम समाज के गरीब तबके के लोगों की मदद का संकल्प नहीं लेंगें तब समाज के उत्थान और कल्याण की बातें बेमानी साबित होंगी।

रविवार को शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज सभागार में ब्राह्मण महासभा, धर्मसभा के तत्वावधान में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध लोगों की मौजूदगी रही और सभी समाज के उत्थान और कल्याण को लेकर बिंदुवार चर्चा की। ब्राह्मण महासभा के प्रमुख राजा कृष्णकांत तिवारी ने समाज के सभी प्रबुद्धजनों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका संगठन समाज के प्रत्येक व्यक्ति की बिना किसी भेदभाव के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने समाज की मजबूती के लिए सभी के एकजुट होने पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने समाज के लोगों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। कहा कि समाज के लोग जब एकजुट होकर अपने समाज के व्यक्ति को आगे बढ़ाने की बात करेंगे तो ब्राह्मणों का उत्थान अपने आप हो जाएगा। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता राजेश दुबे गुड्डा ने ब्राह्मण युवाओं का समाज के कमजोर तबके की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हमें अपने समाज के उत्थान के लिए काम करना होगा। महासभा के लोगों ने सदर विधायक को फरसा व तलवार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय, जगतराम त्रिपाठी, प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, प्रधानाचार्य मिथलेश कुमार पांडेय, अशोक त्रिपाठी जीतू, शिवचरण शुक्ला, सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव राजू द्विवेदी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा पप्पू, संतोष द्विवेदी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, विपिन दीक्षित, राजकिशोर शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, अंकित बासू, रमेशचंद्र दुबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ संग मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

भगवान परशुराम का जन्मोत्सव कचेहरी परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामकृष्ण त्रिपाठी परशुराम बाबा, अखंड विप्र एकता मंच के प्रमुख अभिषेक बाजपेई, संकटा प्रसाद त्रिपाठी आदि ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ की। वहीं संगीतमयी सुंदरकांड के पाठ ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। हवन पूजन और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल सिंह, महासचिव राजेश त्रिपाठी सोनू, बसपा नेता मयंक द्विवेदी, प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, राजाभइया मिश्रा, मनोज त्रिपाठी, राजू द्विवेदी, सुरेंद्र मिश्रा पप्पू, राहुल तिवारी महोखर, प्रशांत पंडित सुमेरपुर समेत ब्राह्मण समाज के लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ भव्य आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ परामर्श और निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराना रहा। मेले के दौरान डॉ. अक्षय कुमार और डॉ. रश्मि वर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आए हुए मरीजों का गहन परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मेले में कुल 69 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। उपचार के लिए पहुंचे मरीजों में मुख्य रूप से चर्म रोग, लीवर व पेट संबंधी विकार, सांस की समस्या, मधुमेह (डायबिटीज), और उच्च रक्तचाप के रोगी शामिल थे। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई तथा सर्दी, जुकाम, बुखार और खून की कमी से ग्रसित मरीजों को उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।

### ठेला लगाने को लेकर विवाद में मारपीट, पीआरडी जवान पर भी हमला; दो घायल

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में ठेला लगाने को लेकर चल रहा विवाद रविवार को हिंसक झड़प में बदल गया। दबंगों ने चाट विक्रेता की जमकर पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे पीआरडी जवान पर भी हमला कर दिया गया। घटना में दोनों घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मरहला चौराहा के पास आजाद नगर निवासी राम केश चाट व पानी बताशे का ठेला लगाते हैं। बताया जा रहा है कि उसी स्थान पर ठेला लगाने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। रविवार को कुलदीप नामक युवक अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और कहासुनी के बाद राम केश के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में राम केश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। इसी बीच, घायल को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा था, तभी मौके पर पहुंचे पीआरडी जवान धर्मेश श्रीवास्तव ने स्थिति संभालने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया और दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है। क्षेत्राधिकारी दीपक यादव ने बताया कि मारपीट व सरकारी कर्मचारी पर हमले के मामले को गंभीरता से लिया गया है।

### परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ सुंदरकांड

सफीपुर-उन्नाव।भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के शंकरी माता मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भक्तों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे भिनकीपुर धाम के महंत स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अन्याय, अत्याचार और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं से उनके साहस, तप और धर्मनिष्ठा से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई (राजा बेटा), जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा, ओमप्रकाश द्विवेदी, अभिनव शर्मा, तनय अवस्थी, हिमांशू मिश्रा, सतगुरू मिश्रा, सत्यप्रकाश द्विवेदी, अमित कुशवाहा, सौरभ तिवारी, बउवा बाजपेई, अनुराग तिवारी, विशाल तिवारी, अनुज दीक्षित, सतेन्द्र शुक्ला, अनिल तिवारी, नीरज सैनी, दीपांक गौड़, नितेश शुक्ला, आदित्य विमल, प्रेमनारायण तिवारी, गोलू दीक्षित, प्रतीक दीक्षित, कुलदीप तिवारी, उज्ज्वल तिवारी, सुनील चौरसिया सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# औरैया के अजीतमल में भीषण आग से 50 बीघा फसल जलकर राख

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के अजीतमल तहसील क्षेत्र में रविवार दोपहर अचानक मिश्रपुर, मनसुखपुर और कस्बा जाना में खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगा गई। इस आग में करीब 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई।

बताया जा रहा है कि रविवार करीब 1 बजे दोपहर का समय होने के कारण अधिकांश ग्रामीण खेतों से अपने घरों पर आराम करने चले गए थे। इसी दौरान खेतों से उठते धुएं और आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और तेजी से फैल रही थी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अजीतमल कोतवाल ललितेश त्रिपाठी और मुरादगंज चौकी प्रभारी उपेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ राहत कार्य में जुट गए। हालांकि तेज हवा और खेतों की दूरी के कारण दमकल वाहन को मौके तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नहर की पटरी से दूरी अधिक होने के चलते एक फायर ब्रिगेड वाहन खेत में फंस गया, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया।

दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने मिलकर पाइप के जरिए आग तक पानी पहुंचाया। इसी दौरान एक वाहन का पानी खत्म हो गया, जिसके बाद दूसरा वाहन मंगवाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस पूरे अभियान में मिश्रपुर निवासी नीतू, प्रताप सिंह, अमित कुमार, छोटे सिंह तथा मनसुखपुर निवासी रियाजउद्दीन, रईस खान, नौशाद, सिंह और विनय सहित कई ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

घटना की सूचना पर राजस्व विभाग के लेखापाल योगेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आग से फसल नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस घटना से किसानों में भारी मायूसी है और उन्होंने उचित मुआवजे की मांग की है।

# देवरिया में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। अग्निशमन तथा आपात सेवा जनपद-देवरिया द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राघवनगर, बीएन पब्लिक स्कूल, केडी पब्लिक स्कूल उमनागर, सेंट जेवियर्स स्कूल गौरीबाजार, सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर, सेंट जेवियर्स स्कूल भाटपाररानी, एसबीटी पब्लिक स्कूल गौरीबाजार एवं आरएसएस अकैडमी सलेमपुर में ल्लसुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथङ्क विषय पर निबंध लेखन एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गैस सिलेंडर और शॉर्ट सर्किट से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में सतर्कता, धैर्य और सूझबूझ से कार्य करने के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी विशाल यादव एवं उनकी टीम ने विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी और उनका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया। कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन विभाग एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# ग्रामीण बेटियों ने तीन माह की कंप्यूटर शिक्षा से बढ़ाया आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा कदम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखीमपुर खीरी। तीन महीने की निष्ठा, मेहनत और लगन से पूरी की गई कंप्यूटर प्रशिक्षण ने ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के जीवन में नया आत्मविश्वास भर दिया है। दूर-दराज गांवों से आईं उन बेटियों ने डिजिटल शिक्षा हासिल की, जिन्हें पहले कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी भी नहीं थी। अब वही बेटियां शानदार परिणाम के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। त्रैमासिक प्रशिक्षण के परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे। कुल 220 छात्राओं में से 3 छात्राओं ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि आधे से अधिक बालिकाएं 80 से 90 प्रतिशत अंक लाने में सफल रहीं। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बढ़ते स्तर को भी दर्शाती है।

एम ट्रस्ट द्वारा संचालित डिजिटल लर्निंग सेंटर रतहरा और लखीमपुर के लीला कुआं में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। लखीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुमन वर्मा और जिला पंचायत इंटर कॉलेज की शिक्षिका रेखा वर्मा मौजूद रहीं। वहीं रतहरा केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के निदेशक संजय कुमार, कार्यकारी निदेशक प्रीति उपाध्याय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मितौली की वार्डेन माया सिंह तथा वाईडीपीजी कॉलेज के प्रो. संजय कुमार ने छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

यह कंप्यूटर प्रशिक्षण सीआईआई फाउंडेशन, एम ट्रस्ट, ब्रेन कोड, ऑडिस और इंफोसिस के सहयोग से संचालित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना रहा, ताकि वे भविष्य में नए अवसरों को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सलीम अहमद ने कहा कि ऐसे प्रयास बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने एम ट्रस्ट के 25 वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पोषण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब बालिकाएं शिक्षित होती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं कार्यक्रम में सोनम, रामचन्द्र, नाज, इदरीश सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# पहाड़नगर में भीषण आग: आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख

- शादी से पहले डेढ़ लाख नकदी व सामान स्वाहा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़नगर में रविवार को अचानक लगी भीषण आग ने कई परिवारों को बेघर कर दिया। आग की चपेट में आकर करीब आधा दर्जन छप्परनुमा झोपड़ियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं। हादसे में घरों में रखा घरेलू सामान, कपड़े, अनाज, चारपाई और बिस्तर सहित लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

आग से प्रभावित परिवारों में सुनील कुमार पुत्र पृथ्वीपाल, अनिल कुमार पुत्र पृथ्वीपाल, दाताराम पुत्र रामभजन, मदनलाल पुत्र दाताराम, रमेशचंद्र पुत्र तुलसीराम और विद्यावती पत्नी रामऔतार शामिल हैं, जिनके आशियाने पूरी तरह तबाह हो गए। इस घटना में सबसे अधिक नुकसान दाताराम के परिवार को हुआ। उनके पुत्र अरविंद कुमार की शादी 25-26 अप्रैल को निर्धारित थी और घर में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थीं। लेकिन आग की इस भयावह घटना में करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी, जेवरात, कपड़े और शादी का अन्य सामान जलकर खाक हो गया। इसके अलावा लकड़ी का खोखा, बर्तन और अनाज भी आग की भेंट चढ़ गया।

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सोमवती के प्रतिनिधि विनोद कुमार भारती ने तत्काल प्रशासन को अवगत कराया। मौके पर चौकी प्रभारी कूकरा अवलीश कुमार पवार और थानाध्यक्ष मैलानी ब्रजेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ पहुंचे। क्षेत्रीय लेखपाल कैलाश चंद्र भी मौके पर मौजूद रहे।

ग्रामीणों, पुलिस और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम देर से पहुंची, लेकिन उसने भी आग बुझाने में सहयोग किया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है और पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत दिलाने की प्रक्रिया जारी है।

# स्वाशासी चिकित्सा महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का भव्य समापन

- 33% आरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर छात्रों ने दिखाई जागरूकता, तीन दिन चलीं विविध प्रतियोगिताएं



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' अभियान के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। 16 से 18 अप्रैल 2026 तक चले इस आयोजन का उद्देश्य नव-पारित विधेयक के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण तथा उनके नेतृत्व कौशल के प्रति भावी चिकित्सकों और संकाय सदस्यों को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) वाणी गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए। लघु नाटिका (स्किट) के जरिए छात्रों ने समाज में महिलाओं की स्थिति और बदलाव की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। पदयात्रा और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से वैचारिक जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया, जिसमें 33% आरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा हुई।

इसके साथ ही आयोजित सेमिनार और भाषणों में विशेषज्ञों ने 'ड्रोन दीदी' जैसी योजनाओं, महिला सुरक्षा, कौशल विकास और राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से उनकी आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी मजबूत होगी। यह विधेयक केवल एक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अंत में आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गोला के पारस कोहली बने इनकम टैक्स विभाग में सुपरिंटेंडेंट, घर पर हुआ सम्मान



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के पंजाबी कॉलोनी निवासी सुधीर कोहली के पुत्र एवं मेधावी छात्र पारस कोहली ने एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर इनकम टैक्स विभाग में सुपरिंटेंडेंट के पद पर चयन प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्नकिसेस कृषि संस्थान के संरक्षक विनीत भदौरिया एवं छात्र-छात्राओं ने पारस कोहली के आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस दौरान पारस कोहली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और निरंतर किए गए प्रयासों को दिया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से संतुलित आहार लेने, नियमित खेलकूद और व्यायाम करने की सलाह दी। इस खुशी के मौके पर उनके पिता सुधीर कोहली और माता मोना कोहली भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि माता-पिता का स्नेह और मार्गदर्शन बच्चों को बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करता है।

# गोला गौरव 2026 से सम्मानित हुए डॉ. आकाश राजपूत, विद्यालय परिवार ने जताया गर्व

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय समाज जीवन और शिक्षा के प्रत्येक सोपान को स्पर्श करने का सतत प्रयास कर रहे हैं।


इसी क्रम में नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा आयोजित समापन समारोह में नगर का सर्वोच्च सम्मान ्रगोला गौरव 2026॰ प्रदान किया गया।

इस वर्ष चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विद्यालय के पुरातन छात्र डॉ. आकाश राजपूत (चिकित्सक) को यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विद्यालय परिवार ने डॉ. आकाश राजपूत को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

बताया गया कि डॉ. आकाश राजपूत वर्ष 2010 इंटरमीडिएट बैच के छात्र रहे हैं। उनके पिता श्री राम राजपूत नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी हैं विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है कि उसके पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और नगर का नाम रोशन कर रहे हैं।

## 1 मई को मेमोरियल हॉल में मनाया जाएगा विश्व श्रम मजदूर दिवस



गोला गोकर्णनाथ खीरी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 मई को विश्व श्रम मजदूर दिवस का आयोजन नसरुद्दीन बिलोबी मेमोरियल हॉल के प्रांगण में किया जाएगा। यह जानकारी मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी स्थित नसरुद्दीन बिलोबी मेमोरियल हॉल में 1 मई 2026 को उनके अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही मजदूर मिस्त्री महासंघ की 21 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

# मैलानी प्रकरण में भ्रामक सूचना फैलाने पर मुकदमा दर्ज, पुलिस की सख्त कार्रवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। थाना मैलानी क्षेत्र में 14 अप्रैल को घटित प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं असत्य सूचनाएं प्रसारित कर लोक शांति भंग करने के प्रयास पर पुलिस ने कड़ी वैधानिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, बांकेगंज क्षेत्र में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कुछ लोगों द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति और बिना पूर्व सूचना के गैर-परंपरागत तरीके से प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया गया था। इस पर उसी समुदाय के अन्य लोगों ने विरोध जताया, जिससे आपसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। विवाद के दौरान एक महिला के साथ मारपीट की घटना भी सामने आई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर त्वरित हस्तक्षेप किया, महिला को सुरक्षित कराया तथा खंडित प्रतिमा को कब्जे में लिया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक बल प्रयोग कर अराजक तत्वों को तितर-बितर किया गया। इस मामले में कुल 33 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की गई है।

इसी घटना को लेकर राहुल सोनी नामक व्यक्ति द्वारा अपने फ़ेसबुक अकाउंट से पुलिस कार्रवाई के दौरान एक महिला की मृत्यु और एक अन्य व्यक्ति विजय पाल गौतम की पुलिस अभिरक्षा में मौत होने संबंधी भ्रामक व उत्तेजक पोस्ट साझा की गई। जांच में यह दावे पूरी तरह असत्य पाए गए। संबंधित महिला सुरक्षित और स्वस्थ है तथा किसी भी अभियुक्त की पुलिस हिरासत में मृत्यु नहीं हुई है।

पुलिस ने अफवाह फैलाने और समाज में विद्वेष उत्पन्न करने के प्रयास को गंभीरता से लेते हुए आरोपी राहुल सोनी के खिलाफ थाना मैलानी में मुकदमा संख्या 87/2026 के तहत धारा 353(2), 196, 299 भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) और धारा 67 आईटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट जानकारी को बिना सत्यापन के सोशल मीडिया पर साझा न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जंग बहादुर गंज में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत, कार्यकर्ताओं में उत्साह



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का रविवार को जे.बी. गंज स्थित अमित श्रीवास्तव के प्रतिष्ठान पर आगमन हुआ। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ लखीमपुर खीरी के जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, मोहम्मदी से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अशफाक उल्ला खाँ तथा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अजय राय ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया और सभी का मनोबल बढ़ाया। इसके बाद उनका काफिला उचौलिया के लिए रवाना हो गया।

कार्यक्रम में पसगवां ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार शुक्ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, पूर्व मीडिया प्रभारी पारस द्विवेदी, अभय सिंह प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस के पीयूष सिंह, मोहम्मदी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार गौतम, सपा नेता शारुख मंसूरी, एनएसयूआई नगर अध्यक्ष मोहम्मदी अंकित सिंह, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह (मोनू), लल्ला सिंह, अश्वनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दरेरी गांव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य बाइक रैली, गूंजे जयकारे

लखीमपुर खीरी। पढ़ुवा थाना क्षेत्र के दरेरी गांव में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा माता मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना से हुई, जहां भगवान परशुराम की आरती कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। इसके बाद सैकड़ों युवाओं ने केसरिया साफा पहनकर और हाथों में भगवा ध्वज लेकर बाइक रैली के रूप में शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा दरेरी गांव से प्रारंभ होकर हथियाबोझ, राजपुर, रतनगंज, पढ़ुवा, ढखेरवा चौराहा, रकेहटी होते हुए निघासन चौराहे तक पहुंची। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। रैली के दौरान ्रभगवान परशुराम के जयकारे॰ से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। दुर्गा माता मंदिर परिसर में समापन के दौरान प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मोहित मिश्रा, कमलेश दीक्षित, अनुज मिश्रा, राजेश दुबे, विशाल मिश्रा, विपिन पांडेय, ललित मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### सहायक आचार्य की परीक्षा में कुल 39,192 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की आयोजित सहायक आचार्य के 16 विषयों की लिखित पुनर्परीक्षा प्रदेश के छह जनपदों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर एवं वाराणसी के 50 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। 18 एवं 19 अप्रैल दोनों दिन में कुल 39,192 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। आयोग में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रशान्त कुमार, सदस्यगण जो प्रेक्षक ड्यूटी में नहीं गये थे, सचिव परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में सभी परीक्षा केन्द्रों की सघन निगरानी की गई। परीक्षा केन्द्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखी गई। प्रदेश के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से निर्विघ्न सम्पन्न हुई। आयोग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठतम सदस्यों ने भी प्रयागराज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही साथ आयोग की ओर से अभिनव प्रयोग के क्रम में पारदर्शिता के दृष्टिगत पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रयागराज के निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों पर प्रति पाली परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त उत्तर पत्रक की उनके परीक्षा कक्षों में ही कक्ष अंतरीक्षक एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति में हो रही स्कैनिंग प्रक्रिया एवं इसके उपरांत स्कैन डाटा तत्काल सुरक्षित किये जाने की प्रक्रिया करायी गई। जिसमें से 3 परीक्षा केन्द्रों मेरी वानामेकर गर्ल्स इंटरमीडियेट कालेज, कर्नलगंज इंटर कालेज एवं प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कालेज पर अध्यक्ष ने उपस्थित होकर इस प्रक्रिया की समीक्षा की।

### जमीन के लिए बेटे ने पिता की कर दी हत्या, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में थाना मेरापुर क्षेत्र में रविवार को जमीन के विवाद में बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। छोटे भाई ने बड़े भाई के खिलाफ इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नदोरा में बदन सिंह (75) की हत्या कर दी गई। मृतक के पुत्र नेकराम ने पिता की हत्या की रिपोर्ट अपने बड़े भाई मोहन के नाम दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में नेकराम ने कहा कि उसका बड़ा भाई मोहन पिता की जमीन अपने नाम कराना चाहता था। जिसको लेकर उसका पिता से कई बार झगड़ा हो चुका है। इसी को लेकर आरोपित मोहन ने आज पिता को मौत के घाट उतार दिया। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# औरैया में निकली परशुराम शोभायात्रा फूलों की वर्षा से हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया शहर में रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिलक नगर स्थित भूतेश्वर मंदिर से शुरू हुई इस यात्रा का शहरभर में जगह-जगह फूल वर्षाकर स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की धुन और भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मंदिर में भगवान परशुराम के विधि-विधान से पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत फफूंद रोड स्थित उमा प्रेम सत्संग आश्रम में 20 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया गया, जिसमें आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ संस्कार सम्पन्न कराया गया।

शोभायात्रा को पूर्व ग्वालियर हाईकोर्ट अध्यक्ष एडवोकेट अनिल मिश्रा और सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने भगवान परशुराम का तिलक कर रवाना किया। यात्रा हाजी पेट्रोल पंप रोड, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संजय गेट, सुभाष चौक, सदर बाजार और लेडीज मार्केट होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई पुनः भूतेश्वर मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में रथों पर सजी भगवान परशुराम की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कई स्थानों पर शर्बत और शीतल पेयजल की व्यवस्था कर लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

# सर्राफा कमेटी गोला की साधारण सभा संपन्न

- विश्वनाथ राजपूत अध्यक्ष व आनंद मोहन सोनी महामंत्री निर्वाचित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद के सभागार में सर्राफा कमेटी गोला की साधारण सभा वरिष्ठ सर्राफा व्यवसायी शिवलाल राजपूत की अध्यक्षता में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभा में नगर के समस्त सर्राफा व्यापारी बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी ने किया। बैठक के दौरान सर्राफा व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापार को सुगम एवं सुरक्षित बनाने, साथ ही संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी के गठन के लिए अध्यक्ष एवं महामंत्री पद का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ, जिसमें विश्वनाथ राजपूत को अध्यक्ष तथा आनंद मोहन सोनी को महामंत्री निर्वाचित किया गया। शेष कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा शीघ्र किया जाएगा।

सभा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष एवं सर्राफा व्यापारी विनोद स्वर्णकार का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विश्वनाथ राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सर्राफा व्यापारियों के हितों की मजबूती से रक्षा की जाएगी। वहीं, महामंत्री आनंद मोहन सोनी ने कहा कि सभी व्यापारी मिलकर संगठन को मजबूत बनाएंगे और व्यापारियों के मान-सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। मुख्य अतिथि विनोद स्वर्णकार ने भरोसा दिलाया कि वह सदैव सर्राफा व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे और उनके हितों की रक्षा के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार सोनी, निवर्तमान महामंत्री रिंकेश राजपूत, निवर्तमान कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राजपूत, श्याम जी गुप्ता, मनोज गुप्ता, पंकज गुप्ता, सर्वेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मुंबई इंडियंस पर बने दबाव का फायदा उठाने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

एजेंसी



अहमदाबाद। पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भरी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सूर्यकुमार ने भले ही एक अर्धशतक लगाया है लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। दूसरी तरफ तिलक बेहद खराब फॉर्म में हैं और पांच पारियों में सिर्फ 43 रन ही बना पाए हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन भी कुछ खास अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ 81 रन बनाए हैं, जिससे मुंबई की बल्लेबाजी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मुंबई की समस्या केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसके गेंदबाज भी नहीं चल पा रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी तक विकेट नहीं ले पाना उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने भले ही किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बल्लेबाज उनके सामने जोखिम लेने से बचते हुए उन्हें आसानी से खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट नहीं ले पाए हैं जबकि हार्दिक भी गेंदबाजी में कोई कमाल नहीं दिखा पाए हैं। उनके स्पिनरों के प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है। हर बल्लेबाज रोहित शर्मा के चोटिल होने से मुंबई की समस्या और बढ़ गई है। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे और पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे।

# रुतुराज किसी तरह की उलझन में नजर आ रहे हैं: अश्विन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवा दिया। सनराइजर्स ने शनिवार को खेले गए मैच में सीएसके को 10 रन से हराया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए जिसके जवाब में सीएसके आठ विकेट पर 184 रन ही बना पाया। अश्विन ने कहा कि गायकवाड़ दबाव में नजर आ रहे हैं। उन्होंने जियोस्टार से कहा, ''उनके लिए रन बनाने का यह सबसे अच्छा मौका था। आयुष म्हात्रे की अच्छी शुरुआत को देखते हुए उन्हें जोखिम लेने या तेज गति से रन बनाने की जरूरत नहीं थी। पावरप्ले में उनकी टीम पूरी तरह हावी थे। रुतुराज के पास क्रीज पर कुछ समय बिताने, कुछ रन बनाने और फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा अवसर था। अश्विन ने कहा, ''आयुष म्हात्रे का विकेट गिरने के बाद, रुतुराज को एक बहुत अच्छी गेंद मिली, वह पुल शॉट अच्छी तरह से खेलता है लेकिन मुझे लगता है कि वह बहुत दबाव में हैं और उसका दिमाग थोड़ा उलझन में है। रुतुराज ने आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपने पहले छह मैचों में केवल 82 रन बनाए हैं। उनका औसत मात्र 13.67 और स्ट्राइक रेट 112.33 है। सनराइजर्स की तरफ से श्रीलंका के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने शानदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट लिए। सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच वरुण आरोन ने उनकी जमकर तारीफ की। आरोन ने कहा, ''ईशान मलिंगा का काम करके आंका जाता है। उन्होंने शुरू से ही अच्छी गेंदबाजी की है। पिछले सत्र में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। खासकर जब गेंद रिवर्स स्विंग होती है, तो डेथ ओवरों में वह और भी प्रभावी हो जाता है। वह एक विशुद्ध टी20 गेंदबाज है। युवा तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे ने अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन करके चार विकेट लिए थे लेकिन पिछले मैच में वह नहीं चल पाए। आरोन ने कहा कि यह उनके लिए अच्छा सबक है। उन्होंने कहा, ''हम कई वर्षों से आईपीएल देख रहे हैं। यही तो इस खेल का सार है। आप पहले ही ओवर में तीन विकेट ले सकते हैं, जैसा कि प्रफुल्ल हिंगे ने अपने पहले मैच में किया और दूसरे दिन आप एक ओवर में 15 रन दे सकते हैं। इसलिए यह उसके लिए एक अच्छा सबक है। शनिवार को एक अन्य मैच में डेविड मिलर ने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाई।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया

**नयी दिल्ली।** अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।

### अदिति अशोक लॉस एंजिलिस में संयुक्त 36वें स्थान पर

**लॉस एंजिलिस।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां जेएम ईगल लॉस एंजिलिस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 36वें स्थान पर हैं। अदिति ने तीसरे दौर में चार बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। कोरिया की सेई यंग किम ने तीसरे दौर में 71 स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त बरकरार रखी है। किम ने शुरुआती नौ होल में पांच बर्डी के साथ आठ शॉट की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद अंतिम नौ होल में उन्होंने लगातार चार बोगी की। किम का कुल स्कोर 15 अंडर है।

### प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त 30वें स्थान पर पहुंची

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाकर लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग महिला ओपन में संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया। प्रणवी ने पहले दो दिन में 70-74 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे दौर में तीन बोगी की लेकिन इसके साथ ही छह बर्डी भी लगाई। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर है। अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बख्शी कट में जगह नहीं बना पाई थी। फ्रांस की तीन खिलाड़ी कैमिला शेवेलियर, सेलीन हर्बिन और अगाथे लैस्ने संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों का कुल स्कोर 16 अंडर पार है।

### लियोनेल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने रैपिड्स को 3-2 से हराया

**कॉमर्स सिटी (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। क्लब के खेल निदेशक के रूप में कार्यरत होयोस ने जावियर माशेरानो के व्यक्तिगत कारणों से अचानक क्लब छोड़ने के बाद कोचिंग का कार्यभार संभाला। माशेरानो ने क्लब के साथ अपने एकमात्र पूर्ण सत्र में इंटर मियामी को 2025 एमएलएस कप का खिताब दिलाया था। मेस्सी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया। मियामी ने लॉस एंजिलिस एफसी के हाथों सत्र के शुरुआती मैच में 3-0 से मिली हार के बाद से कोई मैच नहीं गंवाया है।

### विवाद निपटान के लिए जीएसटी की तर्ज पर औद्योगिक भूमि परिषद स्थापित हो: सीआईआई

**नयी दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने राष्ट्रीय मानक तय करने, राज्यों में भूमि संबंधी नियमों में सामंजस्य बिठाने, कार्यान्वयन की निगरानी करने और विवाद समाधान निकाय के रूप में काम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे की तर्ज पर राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि परिषद (एनआईएलसी) की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। यह सिफारिश 'सीआईआई भूमि मिशन: भारत में औद्योगिक भूमि प्रबंधन में सुधार का ढांचा' नामक रिपोर्ट का हिस्सा है। यह रिपोर्ट टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन की अगुवाई में तैयार की गई है। रिपोर्ट भारत के औद्योगिक भूमि परिवेश में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने का खाका तैयार करती है। रिपोर्ट की एक प्रमुख सिफारिश एकीकृत, जीआईएस-सक्षम राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाना है, जो भूमि की उपलब्धता, क्षेत्रवार स्थिति, उपयोगिताओं, पर्यावरणीय बाधाओं और स्पष्ट मालिकाना हक पर ताजा जानकारी प्रदान करेगा। सीआईआई ने स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में राज्यों के बीच बड़े अंतर की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। उद्योग मंडल के अनुसार, इससे परियोजना की लागत काफी बढ़ जाती है और निवेश के फैसले प्रभावित होते हैं।

### केकेआर की टीम से जुड़े श्रीलंका के तेज गेंदबाज पथिराना

कोलकाता। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम में शामिल हो गए हैं, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तालिका में सबसे नीचे चल रही टीम को मजबूती मिली है। फ्रेंचाइजी ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पथिराना टी20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी पिंडली में चोट लगी थी लेकिन अब वह फिट हैं। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) का फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुका है। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं। पथिराना को हालांकि सीधे अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि टीम कुछ अभ्यास सत्रों में उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी। केकेआर ने इस तेज गेंदबाज को आईपीएल की पिछली नीलामी में 18 करोड़ रुपये में खरीदा था।

# सीएसके को बड़ा झटका, म्हात्रे का आईपीएल में आगे खेलना संदिग्ध

एजेंसी



हैदराबाद। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए म्हात्रे का स्कैन किया जाएगा और उन्हें ठीक होने में कितना समय लगेगा यह अभी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबरने में छह महीने तक का समय लग सकता है। हसी ने कहा, ''दुर्भाग्य से स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है। म्हात्रे ने इस सत्र में अभी तक 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए हैं। हसी ने हालांकि कहा कि यह टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका होगा। उन्होंने कहा, ''वह एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, लेकिन इससे किसी और को मौका मिलेगा। इसलिए यह भी रोमांचक है। हमारे पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें अभी तक मौका नहीं मिल पाया है। इसलिए उनमें से किसी एक के लिए यह शानदार होगा। सीएसके फिलहाल छह मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पांच बार की चैंपियन टीम अपने अगले मैच में 23 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।

### अल अहली एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में विसेल कोबे का सामना करेगा

जेद्दा। सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2-1 से हराया। जेद्दा टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी कर रहा है। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया। हाफ टाइम से ठीक पहले बार्सिलोना के पूर्व मिडफील्डर फ्रैंक केसी ने अल अहली के लिए बराबरी का गोल दाग दिया जबकि ब्राजील के विंगर गैलेनो ने दूसरे हाफ में विजयी गोल किया।

# मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया

एजेंसी



नयी दिल्ली। अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है।

अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया, ''अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।

### भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत, जनवरी-जून में 11-13 प्रतिशत ऋण वृद्धि की संभावना: सर्वेक्षण

नयी दिल्ली। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत का बैंकिंग क्षेत्र जुझारू या मजबूत बना हुआ है और ज्यादातर बैंकरों ने जनवरी-जून, 2026 के दौरान गैर-खाद्य ऋण में 11-13 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। रविवार को जारी फिक्की-आईबीए बैंक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। यह सकारात्मक रुझान सुधरते बही-खाते, स्थिर आर्थिक गतिविधियों, खुदरा और एमएसएमई ऋण की मजबूत गति और निजी पूंजीगत व्यय में सुधार के शुरुआती संकेतों पर आधारित है। इसके विपरीत, औद्योगिक ऋण वृद्धि की रफ्तार मध्यम रहने की उम्मीद है, जो क्रमिक सुधार को दर्शाती है। बुनियादी ढांचे के विकास, विनिर्माण क्षेत्रों और सरकार की अगुवाई वाले पूंजीगत व्यय से निवेश गतिविधियां स्थिर रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सावधि ऋण की मांग मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे, रियल एस्टेट, वाहन, दवा, डेटा सेंटर और रक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों से आने की संभावना है।

# प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों पर आईटीसी का जोर, तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य बाजार पर नजर

एजेंसी

बेंगलुरु। विविध कारोबार क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीसी लिमिटेड के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यकारी और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने कहा हे कि कंपनी स्वास्थ्य और पोषण के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों पर जोर बढ़ा रही है। मलिक ने कहा कि कंपनी ने अलग-अलग श्रेणियों में प्रोटीन युक्त नए और खास उत्पाद पेश किए हैं। इन उत्पादों को तैयार करने में उपभोक्ताओं की पसंद, नवाचार और बेहतर स्रोत व्यवस्था का उपयोग किया गया है, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई जा सके। मलिक ने कहा कि उपभोक्ताओं की पसंद तेजी से बदल रही है और ऐसे में कंपनी को उम्मीद है कि स्वास्थ्य-केंद्रित उत्पाद, खासकर प्रोटीन आधारित खाद्य पदार्थ, भविष्य की वृद्धि में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य प्रोटीन उत्पादों को आम लोगों तक सस्ती कीमत पर पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। हेमंत मलिक ने बातचीत में कहा, 'स्वास्थ्य सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है और हम इस क्षेत्र में उपभोक्ताओं की नई जरूरतों पर लगातार नजर रख रहे हैं।' आईटीसी अपने मुख्य खाद्य ब्रांड आशीर्वाद, पोषण ब्रांड 'राइट शिफ्ट' और योगा बार (जिसे कंपनी ने अधिग्रहीत किया था) के साथ प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की एक विविध श्रृंखला पेश करके प्रोटीन बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। मलिक ने बताया कि कंपनी ने अलग-अलग उपभोक्ताओं के लिए ऐसे प्रोटीन उत्पाद तैयार किए हैं, जिन्हें रोजमर्रा के भोजन में आसानी से शामिल किया जा सकता है।

# शीर्ष 10 में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, एयरटेल को सबसे अधिक लाभ

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125.21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063.56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231.05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317.84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163.04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315.53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769.3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437.17 करोड़ रुपये पर आ गया।

# अमेरिका-ईरान तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा: विश्लेषक

एजेंसी



नयी दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने बताया कि विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है। देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा और वे अल्पकालिक खबरों के बजाय किसी स्थायी समाधान के संकेतों को अधिक महत्व देंगे, क्योंकि इसका असर वैश्विक निवेश, पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है और इससे वृहद आर्थिक स्थिति को भी सहारा मिल सकता है।


स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।



सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ‘आत्मबोध से विश्वबोध’ विषय पर संगोष्ठी आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क









लखनऊ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के युवा शोधार्थी आयाम की ओर से शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में ‘आत्मबोध से विश्वबोध’ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने कहा कि स्वधर्म, स्वदेश और स्वराज्य हमारे स्वबोध की प्रेरणा है। इसके आधार पर ही महापुरूषों व क्रान्तिकारियों ने समाज जागरण करने का काम किया। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रभाव को कमजोर करने,एकात्मभाव कैसे बिखर जाय व धर्म के आधार पर देश में जो एकसूत्रता है उसको विखण्डित करने का प्रयत्न योजनाबद्ध ढ़ंग से किया गया। अंग्रेजों ने जानबूझकर भारत के इतिहास को विकृत करना प्रारम्भ किया। जो कभी भारत आये नहीं ऐसे तथाकथित इतिहासकारों से भारत का इतिहास लिखवाया गया।

स्वान्त रंजन ने कहा कि संस्कृति राष्ट्र की आत्मा होती है। देश को एकजुट रखने में संस्कृति महत्वपूर्ण कड़ी है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि लगातार इस्लामिक आक्रमणों के कारण हिन्दू समाज आत्मविस्मृत हो गया था। समाज आत्मकेन्द्रित हो गया था। ऐसे समय में डा.केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। स्व का विचार करते हुए सामाजिक समरसता के आधार पर सभी जाति वर्ग को सशक्त करना है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डा. पवनपुत्र बादल ने कहा कि सनातन परम्परा के विचारों को हम जीते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पूरी साहित्य परम्परा में भारत बोध है। वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः भारतबोध में है। पवनपुत्र बादल ने कहा कि भारत के भाव बोध को समझने की आवश्यकता है। भारत की ज्ञान परम्परा विमर्श से आगे आयी है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय परिषद भारत की सभी भाषाओं में काम करती है। भारत की भाषा देश को एकात्म करती है। हम अपनी भाषा व बोली को पकड़कर रखें,उससे जुड़ाव महसूस करें। अपने मूल को न छोड़ें। आत्मबोध से विश्वबोध आवश्यक है। बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महराज ने कहा कि आत्मबोध से विश्व बोध होगा। उन्होंने कहा कि भारत का साहित्य ही सर्वश्रेष्ठ



है। हमारा ज्ञान अलौकिक है। भारत विश्वगुरू था,है और रहेगा। महंत वैदेही वल्लभ शरण ने कहा कि अयोध्या चीख चिल्ला नहीं रही है। मोदी व योगी के शासनकाल में मण्डन करती हुई व विकास करती हुई अयोध्या आज दिख रही है। भव्यता व दिव्यता के साथ रामलला विराजमान हैं। अयोध्या में संपूर्ण जाति के मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि हम पराधीनता के काल में थोपे हुए साहित्य व विज्ञान को पढ़ते हैं। भारत को जानने के लिए भारत के आर्षग्रन्थों को पढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन युवा शोधार्थी आयाम के प्रमुख आदर्श सिंह ने किया। आभार अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्त प्रमुख राजकिशोर, सह विभाग कार्यवाह ब्रजेश पाण्डेय, साहित्य परिषद के प्रान्तीय महामंत्री द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, सह महामंत्री डा.बलजीत श्रीवास्तव, लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डा.सौरभ मालवीय, डा.अमित कुशवाहा, श्याम त्रिपाठी, प्रो.श्यामलेश व शरद मिश्र समेत बड़ी संख्या में छात्र –छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अक्षय तृतीया पर पूजे गए भगवान बिंदु माधव, भारत के सुख समृद्धि की कामना से उतारी आरती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर रविवार को नमामि गंगे के स्वयंसेवी सदस्यों ने काशी के प्राचीन विष्णु तीर्थ बिंदु माधव की विधि विधान से आरती उतारी। भगवान श्री हरि नारायण विष्णु के बिंदु माधव स्वरूप व माता लक्ष्मी, भगवान गणेश का विधिवत पूजन-अर्चन कर भारत के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई। बिंदु माधव से आरोग्य भारत की गुहार लगाई गई। ओम नमो भगवते वासुदेवाय'', ओम नमो नारायणाय और शांताकारं भुजंगशयनं पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्ण शुभांगम् जैसे मंत्रों का जाप करके भगवान विष्णु को प्रसन्न करने की कोशिश की गई। प्राचीन विष्णु तीर्थ पर पूजन अर्चन के बाद टीम के सदस्यों ने पंचगंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता को संस्कार में शामिल करने का आवाह्न किया गया। अभियान में शामिल गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु से कामना की गई कि भगवान भारत की रक्षा करें। हमारे देश को सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें। हमारे नागरिकों को स्वस्थ और खुश रखें। हमारे देश की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करें। हमारे देश को हर तरह के संकट से बचाएं। हम आपकी कृपा और आशीर्वाद के लिए प्रार्थना करते हैं। आयोजन में बिंदु माधव मंदिर के महंत पं. मुरलीधर पटवर्धन, वीरेंद्र सिंह, सुशील दीक्षित, अभिजीत सिंह, आनंद सिंह आदि भी शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन की तैयारियों की समीक्षा, पुलिस कमिश्नर ने दिए दिशा–निर्देश

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 28 अप्रैल के संभावित वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां जोर–शोर से चल रही है। रविवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के आगमन व पॉसिंग आउट परेड (पीओपी) की तैयारियों के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन में भ्रमण कर अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस कमिश्नर ने व्यवस्थाओं की समीक्षा कर समयबद्ध, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने वी.वी.आई.पी. आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल एवं समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों की पासिंग आउट परेड के दृष्टिगत परेड स्थल, अभ्यास व्यवस्था, अनुशासन, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीपी ने ‘जी-12‘ आवासीय परिसर के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की । संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन स्थित आवासीय परिसर का निरीक्षण कर स्वच्छता, रहन-सहन एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया । नियमित साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। पुलिस आवासों के निरीक्षण के दौरान छज्जा, बारजा, छत, दीवार एवं परिसर की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए, जिससे परिसर स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बना रहे। पुलिस लाइन स्थित जिमनेजियम का निरीक्षण कर उपलब्ध संसाधनों, उपकरणों एवं रखरखाव व्यवस्था की समीक्षा की गई। पुलिस कर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी ‘मधुपेश’

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा जिला अस्पताल मुरादाबाद के माध्यम से रविवार को एक ब्लड डोनेशन कैंप मिडटाउन क्लब रामगंगा विहार में लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सलिल सक्सेना, दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव कपिल गुप्ता एडवोकेट ने फीता काटकर ब्लड बैंक कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में 25 यूनिट रक्तदान किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता हैं, इसी भावना को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट के द्वारा हर 3 महीने के अंतराल पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ संगीता का फोन आया था कि अस्पताल में ब्लड की कमी है आप अपने ट्रस्ट से एक कैम्प लगाकर थैलीसीमिया से पीड़ित मरीजों की मदद कर सकते हैं उनकी बात का समर्थन करते हुए आज हमारे क्रैम्प में 25 यूनिट रक्तदान किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्सेना व पूरी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि इनके द्वारा निस्वार्थ भाव से परोपकार की भावना से रक्त दान शिविर अक्सर आयोजित किए जाते हैं, यह सराहनीय कार्य है। वरिष्ठ समाजसेवी सलिल सक्सेना व दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव कपिल गुप्ता एडवोकेट ने भी रक्तदान को बड़ा दान बताते हुए सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, शिवम सक्सेना, दिलीप कृष्ण भटनागर, अरविंद सक्सेना, नीलम भटनागर, अजित भटनागर, राजीव सक्सेना,मधु सक्सेना, दीपाली सक्सेना, संध्या सेठ, प्रेरणा भटनागर प्रेम प्रकाश भटनागर, गीतिका सक्सेना, प्रियंक सक्सेना ,गौरव भटनागर ,निर्मेश भटनागर, राजीव गुप्ता, निमित जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे ।

# कानपुर पुलिस ने ‘उल्टी गैंग’ की 3 महिलाओं को किया गिरफ्तार, मुठभेड़ में पकड़ा गया सरगना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में बर्रा थाना क्षेत्र की पुलिस ने ऑटो में सवारी बनकर ‘उल्टी’ या अन्य बहाना कर यात्रियों का ध्यान भटकाकर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। तीन महिलाओं समेत कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह का सरगना मुठभेड़ में घायल होने के बाद पकड़ा गया। आरोपित चालाकी से ध्यान भटकाकर गहने और कीमती सामान पार कर देते थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने रविवार को बताया कि गिरोह काफी समय से सक्रिय था और सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम देता था। चेकिंग के दौरान सूचना मिलने पर टीम ने घेराबंदी कर चार आरोपितों चंदौली निवासी माला व नंदिनी, रिंकू और प्रिंस को पकड़ा, जबकि मुख्य सरगना अभिषेक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हुआ। उसके पास से देशी तमंचा, कारतूस और नकदी बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि वारदात में इस्तेमाल ऑटो और कुल 10,520 रुपये भी बरामद किए गए हैं और सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए सभी आरोपित पेशेवर अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। इनके आपराधिक इतिहास की जांच के लिए एक टीम को चंदौली भेजा गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरोह में करीब 15 से 20 सदस्य शामिल हैं, जो प्रदेश के अलग-अलग शहरों में रहकर घटनाओं को अंजाम देते हैं और फिर ठिकाना बदल लेते हैं। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्य ऑटो में सवारी बनकर बैठते थे और सफर के दौरान उल्टी, झगड़ा या किसी अन्य बहाने से माहौल बनाकर यात्रियों का ध्यान भटकाते थे।

# किन्नर अखाड़ा 251 बच्चों का विन्ध्याचल में कराएगा उपनयन संस्कार

- आचार्य महामण्डलेश्वर (डॉ) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी की देखरेख में होगा कार्यक्रम
- बच्चों का उपनयन संस्कार माघ मेला, कुम्भ, महाकुम्भ, त्र्यैम्बकेश्वर, हरिद्वार, उज्जैन में होगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। किन्नर अखाड़ा सनातन धर्म को मजबूती देते हुए उसके प्रचार-प्रसार और विस्तार में लगा है। इसी कड़ी में किन्नर अखाड़ा की ओर से 20 अप्रैल को विन्ध्याचल में देश के अलग-अलग प्रदेशों के 251 बच्चों का उपनयन संस्कार (जनेऊ) और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह सात बजे से शुरू होगा। उपनयन संस्कार सम्पन्न कराने के लिए काशी और विन्ध्याचल के 11-11 आचार्य आ रहे हैं। यह कार्यक्रम किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी (डॉ) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी की देखरेख में होगा। किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर रविवार की सुबह दिल्ली से फ्लाइट से चलकर प्रयागराज पहुंचे, यहां पर कुछ देर विश्राम के बाद विन्ध्याचल के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान किया। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और उससे देश और विदेश के बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों का पहले उपनयन संस्कार बचपन में होता था, जिससे उनको परिवार, रिश्तेदार, समाज और धर्म का अच्छा ज्ञान और जुड़ाव होता था। उसी तरह से किन्नर अखाड़ा बच्चों को सनातन धर्म से जोड़ने की बड़ी पहल करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि विन्ध्याचल के बाद काशी, अयोध्या, मथुरा, तिरूपति बाला जी, पदमनाभम सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में बच्चों का उपनयन संस्कार आने वाले समय में होगा। आचार्य महामण्डलेश्वर ने आगे बताया कि बच्चों का उपनयन संस्कार आने वाले माघ मेला, कुम्भ, महाकुम्भ प्रयागराज, त्र्यैम्बकेश्वर (नासिक), हरिद्वार और उज्जैन में व्यापक स्तर पर होगा।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मणों की बैठक, सशक्त राष्ट्र बनाने का संकल्प

- ब्राह्मण समाज के उत्थान, विकास एवं पतन के कारणों पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान परशुराम समिति, प्रयागराज के तत्वावधान में रविवार को अविचल द्विवेदी के राजरूपपुर आवास पर 51 विप्रजनों की बैठक हुई। जिसमें सशक्त राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पौराणिक काल से लेकर वर्तमान काल तक ब्राह्मण समाज के उत्थान, विकास एवं पतन के कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर अविचल द्विवेदी ने कहा कि ब्राह्मण विद्वानों से शिक्षा, संस्कार, एकता और संगठन पर बल देते हुए समाज को पुनः उसकी गौरवशाली परम्पराओं से जोड़ना समय की मांग है। ब्राह्मण ने धर्माधिकारी के रूप में राज्य के राजा को सही समय पर सलाह और सुझाव देकर राष्ट्र हित में सदैव योगदान दिया है। विजय उपाध्याय ने कहा ब्राह्मण ने जगत में गुरुकुल शिक्षा के माध्यम से समाज को संस्कार रूपी ज्ञान देकर ही एक सशक्त भारत बनाया है। डॉ प्रभु नाथ शुक्ला ने कहा ब्राह्मण अपने आप में बहुत बड़ी विचारधारा है। ब्राह्मण अगर एकजुट रहता हैं तो विश्व की कोई शक्ति नहीं है जो ब्राह्मण को पराजित कर सके। अविनाश द्विवेदी ने कहा ब्राह्मण समाज ने सदैव शैक्षिक, सामाजिक और धार्मिक उत्थान एवं सर्व समाज निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। पवन मिश्रा ने कहा प्रत्येक ब्राह्मण को अपने अंदर की अहंकार और बुराई को समाप्त करने की शुरुआत घर से करनी चाहिए, तभी ब्राह्मण को कोई भी अपमानित नहीं कर सकता है। संचालन करते हुए दिनेश तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम ने 21 बार क्षत्रिय विहीन धरती करने की जो गाथाएं लोग कहते हैं, वह भगवान परशुराम ने अहंकार और घमंड को खत्म करने का काम किया था। अहंकारी और घमंडी राजा को दंड देने का काम किया था। सुधाकर द्विवेदी ने कहा जो ब्राह्मण सक्षम व सामर्थ्यवान तथा अधिकारी वर्ग है, अगर गरीब, कमजोर और असहाय ब्राह्मणों की मदद करे, तभी ब्राह्मण समाज में मजबूती आएगी। बैठक के अंत में सभी विप्र बंधुओं ने एकमत होकर एक सशक्त, संगठित एवं संस्कारवान राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा शंखनाद के बीच मन्त्रोंचार द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बैठक का संचालन दिनेश तिवारीएवं आभार अविचल द्विवेदी ने व्यक्त किया। धर्मेश मिश्रा, गोविंद दुबे, संतोष पांडे, आशीष दुबे, राजेंद्र त्रिपाठी, जयशंकर उपाध्याय, गणेश उपाध्याय, मनोज दुबे, सुधांशु पाठक, हिमांशु पांडेय, अतुल मिश्रा, शैलेंद्र द्विवेदी, आशीष मिश्रा, चंद्रमा तिवारी, कमलेश मिश्रा, पवन मिश्रा, संजय मिश्रा, तिलक द्विवेदी, अविनाश द्विवेदी, रमेश ओझा, काशी नरेश मिश्रा, मोहित शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, श्रीराम द्विवेदी आदि ने पौराणिक काल से आज तक ब्राह्मण समाज की यात्रा पर गहन चर्चा की।